हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 9 सितंबर 2024

तापमान
अधिकतम 28.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

10 सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता परीक्षा में सफल विद्यार्थियों का किया सम्मान

11 कंधे से कंधा मिलाकर स्कूल के विकास में सभी साथ निभाएं: साहू




# खुशगवार मौसम से बढ़ी मैत्रीबाग की रौनक, फुहारों के बीच बोटिंग का लुत्फ

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

शहर में दस दिन खिली धूप के बाद हल्की बारिश से मौसम खुशगवार हो गया है। इससे मैत्रीबाग में रौनक बढ़ गई है। यह खुशनुमा मौसम पर्यटकों के साथ वन्य प्राणियों को भी खूब भा रहा है। ट्विनसिटी के अलावा आसपास के सैलानी प्रकृति की खूबसूरती का लुत्फ उठा रहे हैं।

पिछले पखवाड़ेभर से मौसम खुला हुआ था। तेज धूप खिली होने के बीच एक दो दिन ही कुछ बारिश हुई। इससे भारी उमस का माहौल था। पिछले दो तीन दिन से फिर हल्की बारिश हो रही है। इससे मैत्रीबाग में पर्यटकों की आमद बढ़ गई है। भिलाई दुर्ग के अलावा लोग पाटन, धमधा, बेमेतरा और बालोद से भी आ रहे हैं। कई लोग परिवार तो अनेक लोग फ्रैंड्स के साथ भ्रमण के लिए आ रहे हैं। लोग खाते पीते बतियाते सुंदर फूलों की उद्यानवाटिकाओं के साथ चिड़ियाघर में वन्य प्राणियों की चपलता देख रोमाचित हो रहे हैं। पर्यटकों में बच्चों के बाद यंगस्टर अधिक हैं। धुआं धुआं व रिमझिम बारिश के बीच हल्की हवा ने वन्य प्राणियों की चपलता और चंचलता को बढ़ा दिया है। पर्यटक चौकड़ी भरते हिरण और कोटरियों की मनभावन मुद्राओं को अपने मौबाइल कैमरे में कैद कर रहे हैं। वहीं वाइट टाइगर और भालू भी अपने कैज से निकल एनक्लोजर कैंपस में मस्ती से उछलकूद करते देखे जा रहे हैं। जू में सात सफेद शेर व तीन भालू हैं। हिरण सौ से अधिक हैं। खुशगवार मौसम में बर्ड काम्पलेक्स में परिंदों की भी चहचहाहट बढ़ा दी है। अपने कैज में लवबर्ड्स, तोतों के साथ मोरों की चपलता पर्यटकों को खूब भा रही है। जू में पांच मयूर, दो दर्जन तोते व इतने के रंगबिरंगे खूबसूरत लव बर्ड्स हैं। पाटन से आए नंदिता सेन ने बताया कि मौसम खुलने पर बच्चों के साथ मैत्रीबाग खूमने आए हैं। गाड़ाडीह के रेशन देवांगन ने बताया कि मैत्रीबाग में बच्चों की बिगड़ी बेबी ट्रेन को जल्द शुरु किया जाना चाहिए।

## ट्विनसिटी के साथ ही आसपास से भी आ रहे पर्यटक




### यंगस्टर में रोमांच

मैत्रीबाग में बच्चे और यंगस्टर्स को सबसे अधिक मजा बोटिंग का आ रहा है। झील में आठ पायडल वाली नौकाएं संचालित की जा रही हैं। बच्चों के बाद सबसे ज्यादा भीड़ी युवा जोड़ों की है। सुरीले फिल्मी गीतों के बीच यहां पर्यटकों को बोटिंग के लिए आमंत्रित करने का अंदाज भी आकर्षक है। बोटिंग के अलावा झील से लगी विशाल राक्षस की प्रतिमा भी आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। राक्षस के मुंह से झरना बहकर सामने गिरता रहता है। बच्चे इस सीन को अपने मौबाईल कैमरे में कैद कर रहे हैं।

B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड- 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि- 11/09/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## खबर संक्षेप

### वालीबॉल एसो. के रिकेश मुख्य संरक्षक



भिलाई। दुर्ग एमेच्योर वॉलीबॉल एसोसिएशन की आम सभा की बैठक में सर्वसम्मति से वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन को वर्ष 2024-28 के लिए एसोसिएशन का मुख्य नियुक्त किया है। एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशांत डे सहित सचिव वीसी शेखर और कोषाध्यक्ष व्यास नारायण सोनी सहित अन्य पदाधिकारी आमसभा बैठक में मौजूद रहे।

### महिला से मारपीट और धमकी, जुर्म दर्ज

भिलाई। महिला के साथ गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देने वाले युवकों के खिलाफ पुलिस जुर्म दर्ज किया है। शिकायत पर पुलिस ने धारा 115,296,3(5),351 (2) के तहत जुर्म दर्ज किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि लिमतरा निवासी रंजिता कौशल ने शिकायत किया है कि वह किराना दुकान चलाती है। 8 सितंबर को घर के पास रखे गणेश पंडाल में गांव के युवक बबलू जांगडे, किशन जांगडे, भीषम जांगडे, संदीप बघेल जबरन गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान बबलू जांगडे ने पत्थर से और किशन जांगडे, भीषम जांगडे, संदीप बघेल ने हाथ मुक्का से मारपीट किया। घटना में महिला के सिर पर चोट आई है। पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर है।

तीन भाइयों की चाकू से हत्या का मामला

गणेशोत्सव के दौरान पुलिस व्यवस्था को लेकर उठे सवाल, गाइड लाइन का नहीं हो रहा पालन

# 15 आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶नंदिनी

डीजे साउंड में डांस को लेकर एक ही परिवार के तीन भाईयों के हत्या के मामले में पुलिस ने 17 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 103 (1), 115(2),191 (2)191 (3), 190,61 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि शुक्रवार को गणेश पंडाल में ग्राम नंदनी खुंदनी में पुराना शीतला गणेश उत्सव समिति की ओर से भगवान गणेश की मूर्ति स्थापना को लेकर उत्सव मनाया जा रहा था। इस दौरान डीजे की धुन पर पर युवकों द्वारा डांस किया जा रहा था। तभी यादव मोहल्ले के धन्नू, करण यादव, वासु यादव, राजेश यादव अपने दोस्तों के साथ डीजे धुन में डांस करने लगे। तब पुराना शीतला गणेश उत्सव समिति के लोगों ने युवकों को लेकर आपत्ति जताई। इसे लेकर दोनों गुटों में विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। मोहल्ले के लोगों ने दोनों गुटों को समझा बुझाकर माहौल को शांत कर दिया। शनिवार की रात करीब 8 बजे वासु यादव ने आकाश पटेल को फोन कर शीतला मंदिर के पास बुलाया। जैसे ही आकाश पहुंचा तो धन्नु यादव मारपीट करने लगा। इसी बीच आकाश पटेल के 8-10 युवक भी घटनास्थल पहुच गए। मौके पर पहुचे युवकों के पास लाठी-डंडे और लात-घूंसे से राजेश यादव, करण यादव, वासु यादव की जमकर पिटाई कर दी। दोनों गुट में चाकूबाजी भी हुई। खबर लगते ही मौके पर एसपी जितेन्द्र शुक्ला, एएसपी सुखनंदन राठौर, डीएसपी संजय पुंढीर समेत नंदिनी पुलिस पहुची। गंभीर अवस्था में घायल राजेश, वासू, करण को अस्पताल उपचार के लिए पहुचाया गया। जहां तीनों को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर गांव में लगते ही घटनास्थल में लोगों की भीड़ उमड गई और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग होती रही।




नंदिनी थाने में बैठे गिरफ्तार आरोपी युवक।

### नंदिनी पुलिस को थी विवाद की जानकारी

घटना के बाद पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को लेकर नंदिनी पुलिस को लेकर जमकर नारेबाजी कर घेराव कर दिया था। ग्रामीणों का आरोप था कि घटना को लेकर नंदिनी थाना प्रभारी मनीष शर्मा को विवाद की जानकारी दी गई थी, लेकिन उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था तक पुख्ता नहीं किया। उसके बाद शनिवार को मामूली विवाद बड़ा रुप ले लिया। पुलिस ने बताया कि ग्राम नंदिनी खुंदनी के यादव मोहल्ला निवासी राजेश यादव, वासू यादव और करण यादव आपस में सगे भाई थे। वासु चचेरा भाई था। राजेश बोरिया गांव में मजदूरी करता था। उसकी 9 महीने की बेटी है। वहीं करण जेसीबी चलाता था और वासु माइंस में काम करता था। घायल आकाश भी खेती किसानी करता है।



वासु यादव राजेश यादव करण यादव

### तीन की मौत आरोपी पकड़े गए

डीजे में डांस को लेकर विवाद हुआ था। पहले गांव के लोगों ने दोनों पक्षों का सुलह करा दिया था। उसके बाद दोनों पक्ष आमने सामने हो गए। दोनों पक्षों का एक दूसरे से मारपीट करने लगे। चाकू के हमले से एक की मौके पर और दो युवकों की अस्पताल में मौत हो गई। एक की स्थिति गंभीर है। घटना में 15 आरोपी पुलिस गिरफ्त में है। सुरक्षा को लेकर पुलिस सजग है। डीजे जब्त करने को कहा गया है।

-जितेन्द्र शुक्ला, एसपी दुर्ग

### ऐसा हुआ घटनाक्रम

एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि 6 सितंबर की रात 8 बजे ग्राम नंदिनी खुन्दिनी में पुराना शीतला गणेश समिति के डीजे में धन्नु, करन, वासु, राजेश समेत इनके अन्य युवक नाचने लगे। जिसे लेकर आपस में विवाद हो गया था। दूसरे दिन 7 सितंबर को सुबह गाँव के बड़े बुजुर्गो ने बैठक कर विवाद को आपस में खत्म कर लिया था। इस दौरान वासु यादव फोन कर आकाश पटेल को बुलाया उसे शीतला मंदिर के पास आने को कहा। आकाश के पहुँचते ही धन्नु यादव ने उस पर मारपीट कर चाकू से वार कर दिया। उसके बाद करण, वासु, राजेश यादव भी उसे मारने लगे। जिसे देख आकाश के साथ 8 -10 युवक मौके पर पहुचे। धन्नु, करन, वासु, राजेश यादव को लाठी डण्डे, हाथ मुक्के से जमकर पिटाई कर दी। घटना में करन यादव, वासु यादव, राजेश यादव की मौत हो गई।

### इन आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा

नंदिनी खुंदनी निवासी सोम पाल , सूरज पटेल, नंदिनी नगर कान्हा पटेल, योगेश वर्मा, त्रिलोचन पटेल, वार्ड 8 नंदिनी खुंदनी अजय ठाकुर, कन्हैया पटेल, गंगाधर पटेल, जागेश्वर पटेल, वार्ड 2 नंदिनी डेरहा राम यादव,पितांबर लाल पटेल, वार्ड 18 संजय ठाकुर, नंदिनी खुंदनी माधो पटेल, वार्ड 5 मोहन पटेल, नरसिंग लोधी को पुलिस गांव से शनिवार रात को ही हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही थी। उक्त सभी आरोपी दोनों पक्षों से है इनके पास लाठी, डंडे समेत कई हथियारों से लैस थे।मामूली विवाद के बाद इन युवकों का हौसला पुलिस सुरक्षा व्यवस्था गांव में नहीं होने के कारण ही बढ़ा है।

### घायल आकाश ने भी की शिकायत

घायल आकाश पटेल की शिकायत पर पुलिस ने मृतक वासुदेव यादव, करण यादव व राजेश यादव, धन्नु यादव के खिलाफ धारा 109 बीएनएस 190 बीएनएस, 198 (2) बीएनएस, 191 (3) बीएनएस के तहत नंदिनी पुलिस ने अपनी शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने बताया कि आकाश स्थिति गंभीर बनी हुई है।



## नंदिनी पुलिस की सुरक्षा रही फेल

गणेशोत्सव को लेकर आईजी और एसपी ने बैठक लेकर सभी थानेदारों को हिदायत दिया गया था कि पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता रहे है।विवाद की स्थिति कहीं निर्मित होने की स्थिति में सुरक्षा पुख्ता हो लेकिन नंदिनी पुलिस की लपारवाही के चलते विवाद में तीन नव जावन युवकों की जान चली गई।जबकि गणेश पंडालों में भी पुलिस तक के जवान नहीं दिखाई पड़ रहें है। अब इतनी बड़ी घटना होने के बाद नंदिनी पुलिस पंडालों में सुरक्षा चेक करने घूमती नजर आ रही है। इसके अलावा घटना की रात नंदिनी खुंदनी में लॉ एंड की आर्डर की स्थिति निर्मित हो गई थी।

## लूटपाट करने वाला युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

- जामुल थाना का मामला
- 3 मोबाइल फोन भी जब्त

स्कूली छात्र से सायकिल और मोबाइल को लूट कर फरार होने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि शीतला तालाब के पास आर्य नगर कोहका निवासी युवराज महिलांगे नामक युवक ने छात्र के साथ लूटपाट करना स्वीकार किया। साइकिल को आरोपी ने कंचादूर झाड़ी में छिपा कर रखा था। मोबाइल को अपने साथ लेकर जाना पुलिस को बताया। आरोपी के पास से पुलिस ने 3 मोबाईल फोन 40 हजार रूपये नगद जब्त किया है।



## सांसद के सामने बालमुकुंद ने थामा भाजपा का दामन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

पूर्व जिला कांग्रेस प्रवक्ता डॉ बालमुकुंद वर्मा ने भाजपा का दामन सांसद विजय बघेल के समक्ष थाम लिया है। भिलाई चरोदा निगम के ग्राम सोमनी निवासी है बालमुकुंद। सांसद विजय बघेल ने बालमुकुंद को मिठाई और माला पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराया। इस दौरान सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर, ध्रुव, वरुण यादव ,तेजस पाल , जोइधा वर्मा, संतराम ठाकुर, हेमराज लोधी, प्रदीप यादव, राजेश्वर वर्मा आदि मौजूद थे।



कलकत्ता में चल रहा है पैनल

## फर्जी गुमास्ता बनाने की आड़ में महादेव सट्टा के लिए खातों की सप्लाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

फर्जी गुमास्ता बनाने के आड में ऑनलाइन सट्टा महादेव ऐप के लिए खाते की सप्लाई करने का मामला सामने आ रहा है। यह अवैध कारोबार मरोदा के एक मेड़िकल संचालक द्वारा बेखौफ तरीके से चल रहा है। इस पर जिले की पुलिस की नजर तक नहीं गई है। ढ़ाई साल से महादेव का पैनल कलकत्ता में संचालित कर रखा है। लेकिन पुलिस इसे आज तक पकड़ नहीं पाई है। सूत्रों ने बताया कि मरोदा स्थित दवा की दुकान खोलकर लोगों का फर्जी गुमास्ता बनाने वाला रवि नामक युवक के बारे में कोई नहीं जान पाया है। रवि महादेव सट्टा ऐप के लिए खाते की सप्लाई करने के अलावा स्वयं भी पैनल चला रहा है। इसकी इतनी सेटिंग है कि खातों को दुबई भी भेजा करता है। कुछ साल पहले ये युवक की आर्थिक स्थिति बहुत खराब थी लेकिन इन ढ़ाई सालों करोड़ों रुपए की संपत्ति तक बना डाला है। इसके अलावा महादेव से मिले दो नंबर के रुपए को अब जमीन में करोड़ो रुपए लगा डाला है। इस तरह अपने दो नंबर के रुपए को ईमानदारी के रुपए में बदलने का प्रयास में जुटा हुआ है। मरोदा के आसपास के लोग भी रवि के बारे में इतना नहीं जानते है कि इसका असली अवैध कारोबार क्या है लेकिन कुछ लोगों का स्पष्ट कहना है कि इतनी जल्दी इसकी आर्थिक स्थिति सुधरी कैसे यह समझ से परे है।

### भिलाई-दुर्ग में अब भी बड़ा कारोबार

ऑनलाइन सट्टा महादेव ऐप को लेकर सटोरिया काफी सक्रिय है। पुलिस के लगातार कार्रवाई के बाद भी कारोबार बेखौफ तरीके से अपना धंधा शहर में रहकर चला रहें है।इन पर शिकंजा कसने के लिए पुलिस भी सक्रिय है लेकिन इसमें शामिल कुछ पुलिस जवान कार्रवाई के पहले सटोरिया को जानकारी देने से फरार हो जाया करते है।इस तरह के पुलिस कर्मियों पर कार्रवाई होना अनिवार्य हो गया है। इससे दुर्ग पुलिस की छबि खराब हो रही है।

### लगातार चल रही है कार्रवाई



सटोरियो पर पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। महादेव सट्टा ऐप का उपयोग करने वालों को नहीं बख्शा जाएगा। पुलिस ने अब कई बडे सटोरियों पर शिकंजा कस चुकी है। शहर में रहकर ऑनलाइन सट्टा चलाने वालों पर होगी कार्रवाई।

-रिचा मिश्रा
एएसपी क्राइम

कुश जयंती समारोह के मौके पर उपमुख्यमंत्री ने कहा

# कुशवाह समाज भवन के लिए पांच लाख की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶भिलाई

मौर्य कुशवाह समाज के द्वारा कुश जयंती समारोह का आयोजन किया। कुश जयंती समारोह के अवसर पर उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने सम्राट अशोक चौक का सौन्दर्यीकरण समारोह में शामिल हुए। वहीं 15 लाख की लागत से शेड निर्माण एवं 37 लाख लागत से बने सम्राट अशोक चौक का अवलोकन किया।

उन्होंने बताया कि अशोक चक्र से भारत का सम्मान बढ़ता है। उप मुख्यमंत्री श्री साव ने कहा कि रायपुर से दुर्ग तक सीटी बस का संचालन किया जायेगा। दुर्ग-भिलाई को राजधानी से जोड़ने में मदद मिलेगी। राजधानी से जोड़ने से स्टेट केपिटल रीजन बनाये जाने की प्रक्रिया में है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में हमारा प्रदेश बहुत तरक्की करेगा। इस अवसर पर दुर्ग जिले के सांसद विजय बघेल ने कहा कि सामाजिक प्रेम में बहुत ताकत होती है, हम बराबरी पर विश्वास करते है। हमारी नजर में कोई छोटा न कोई बड़ा होता है। हम समाज के साथ हमेशा से खड़े रहे है। इस दौरान वैशाली नगर के विधायक रिकेश सेन शासन की ओर कुशवाह समाज के लिए भवन हेतु 5 लाख रूपये देने का प्रस्ताव रखा। जिसे श्री साव ने अनुमोदित करते हुये घोषणा कर दी। विधायक रिकेश सेन कहा कि पिछड़ा समाज का प्रदेश के लिए योगदान रहा है। इस समाज ने लगातार शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण के विधायक ललित चन्द्राकर, महापौर भिलाई के नीरज पाल, उपनेता प्रतिपक्ष दया सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष महेश वर्मा, एसडीएम मुकेश रावटे सहित विभागीय अधिकारी मौजूद थे।




## खबर संक्षेप



### शाला प्रबंधन समिति ने मनाया शिक्षक दिवस

**अंडा।** शाला प्रबंधन समिति विनायकपुर द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पूर्व माध्यमिक विद्यालय और पीएम श्री शासकीय प्राथमिक शाला विनायकपुर के सभी शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम रखा गया। जिसमें सभी शिक्षकों को श्रीफल, पेन के द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती वंदना और सर्वपल्ली राधाकृष्णन के फोटो पर पुष्प अर्पित कर हुआ। स्वागत भाषण में मोतीलाल मारकण्डे अध्यक्ष एसएमडीसी द्वारा सभी राष्ट्र निर्माता शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बधाई के साथ जीवन में गुर की महत्ता पर प्रकाश डाले। स्मृति सोनी द्वारा शिक्षकों की महिमा के बारे में बताया गया। शाला के प्राचार्य मनजीतसिंह राजपूत द्वारा सर्वपल्ली राधा कृष्णन के जीवन के साथ ही साथ अपनी उपलब्धि पर गुरूकृपा पर प्रकाश डाले। शिक्षक दिवस के आयोजन हेतु शाला प्रबंधन समिति के सभी सदस्यों को धन्यवाद अर्पित किया कि इस सकारात्मक सोच के साथ शिक्षक दिवस मनाया गया। गांव के सरपंच ललिता भूषण गजपाल ने सभी शिक्षकों को शिक्षक दिवस की बहुत बहुत बधाई दी। इस अवसर पर मिडिल स्कूल के प्रधान पाठक संध्या शिवरामवर, किशोर दिल्लीवार, चन्द्रहास साहू प्रधान पाठक गांधीभांठा अंडा, पीएम श्री स्कूल के प्रधान पाठक टीकेन्द्र कुमार चन्द्राकर एवं शाला परिवार के सभी शिक्षक, शिक्षिकाएं उपस्थित थे। शाला प्रबंधन समिति से भामिनीराज अध्यक्ष सात्यिकी देवांगन, गोदावरी देवांगन, ललित बाई साहू, लक्ष्मी साहू आदि उपस्थित थे।

## निधन

### व्यास नारायण कुर्रे

**भिलाई।** सेक्टर-8 निवासी व्यास नारायण कुर्रे का निधन हो गया।



उनका अंतिम संस्कार 9 सितंबर को सुबह 11 बजे रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। अंतिम यात्रा सड़क नंबर-9, क्वार्टर नंबर 1/सी सेक्टर-8 से निकलेगी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड गए हैं। यह जानकारी योगेश दत्त ने दी।

# कांग्रेस सरकार में भाजपा पार्षद अपने वार्डों के विकास को तरस गए: सांसद विजय

## सांसद बघेल ने जंजगिरी में किया 3 करोड़ 14 लाख के विकास कार्यों का भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸। कुम्हारी



ग्राम जजंगिरी के मां परमेश्वरी सामुदायिक भवन में रविवार को आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल ने अधोसंरचना मद के अंतर्गत पालिका क्षेत्रान्तर्गन विभिन्न वार्डों के विकास कार्य हेतु 3 करोड़ 14 लाख रूपये के विकास कार्यों का भूमि पूजन किया। कार्यक्रम में सर्वप्रथम नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू, मण्डल अध्यक्ष राजू निषाद एवं नगरपालिका कुम्हारी के मुख्यनगर पालिका अधिकारी नेतराम चंद्राकर सहित जन प्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने सांसद विजय बघेल का स्वागत किया। अपने उद्बोधन में सांसद विजय बघेल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सबने मुझे दोबारा सांसद बनाया इसके लिए आप सबका ह्रदय से आभारी हूं। उन्होंने कहा कि मैं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं नगरीय निकाय मंत्री अरुण साव का भी ह्रदय से आभारी हूं कि क्षेत्र के विकास के लिए उन्होंने सहयोग दिया। उन्होंने आगे कहा कि आज भाजपा की डबल इंजन की सरकार है ऐसे में विकास में कोई कमी नहीं आएगी। उन्होंने कांग्रेस की सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार थी तब भाजपा के पार्षद अपने वार्डो में विकास के लिए तरस गए थे, भाजपा वार्डों की हमेशा अनदेखा की गई, बावजूद इसके हम ग्राम जंजगिरी में प्रचंड बहुमत से जीते है, लेकिन अब तो डबल इंजन की सरकार है विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आएगी ये मेरा वादा है। आज देश भर में जो प्रधानमंत्री मोदी के प्रति लोगों का विश्वास बढ़ा है वह प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। इसका प्रमाण है कि हाल ही में रूस और यूक्रेन के युद्ध पर रूस ने स्वयं कहा है कि अगर आज विश्व में शांति व्यवस्था बनानी है तो भारत ही कर सकता है। इस बात से यह साबित होता है कि देश किस तरह विकास के पथ पर अग्रसर है वो दिन दूर नही जब हम विश्व के शिखर पर पहुंच जायेंगे और हमारा छत्तीसगढ़ प्रदेश देश में सबसे उन्नत और विकाशशील प्रदेश कहलाएगा। उन्होंने समस्त कार्यकर्ताओं को बधाई देते हुए बेहतर से बेहतर कार्य करने की बात कही। इस मौके पर नेता प्रतिपक्ष लोकेश साहू, कुम्हारी मंडल अध्यक्ष राजू निषाद, शशि बघेल, मोहित साहू, बबलू साहू, दुजे राम साहू, बिसौहा साहू , राकेश पांडेय, पूर्व मण्डल अध्यक्ष योगेश साहू शाला प्रबंध समिति अध्यक्ष रामाधार शर्मा, रामकुमार सोनी, अवधेश शुक्ला, पार्षद ओमकार मारकंडे, सांसद प्रतिनिधि मिथलेश यादव, सुजीत यादव, फिंगेश्वर साहू, गोविंद बघेल, प्रणव श्रीवास्तव, विनोद बंजारे, पार्षद रागिनी निषाद, अरूणा साहू, सुनीता कुर्रे, राधा ठाकरे, रीता पांडेय, आयुषी पांडेय, आशीष शुक्ला, अश्वनी देशलहरा, मनहरण साहू, द्वारका प्रसाद साहू, अश्वनी देवांगन, रामसिंग साहू, बरातू राम साहू एवं आशीष पटवा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं पालिका के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

## शहादत समारोह में शांति पीठ, श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

# देवरी ख में अमर शहीद दुर्वासालाल का 26 वां शहादत समारोह मनाया

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंडा

### कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज द्वारा 5 लाख का कार्य स्वीकृत किया गया





अमर सपूत दुर्वासालाल निषाद ने कारगिल युद्ध के दौरान मातृभूमि भारत माता की रक्षा के लिए अपना प्राण उत्सर्ग किये थे। जिसकी स्मृति में 26वां शहादत दिवस समारोह ग्राम देवरी (ख) में किया गया। सुबह 8 बजे से शांति पीठ, श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन हुआ फिर अमर सपूत को अतिथियों की उपस्थिति में पूर्व सैनिकों व हायर सेकेंडरी देवरी के स्काउट गाइड के बच्चों के द्वारा गाड ऑफ ऑनर दिया। ततपश्चात उनके शहादत के सम्मान में सांस्कृतिक कार्यक्रम व उद्बोधन कार्यक्रम शाला प्रांगण में दोपहर 12 बजे प्रारंभ हुआ।

इस कार्यक्रम में मेधावी छात्र सम्मान, शिक्षक सम्मान, वरिष्ठ नागरिक सम्मान, पौधारोपण, स्वच्छता अभियान, शहीद के गौरवगान एवं मातृभूमि के सम्मान समारोह में अमन शहीद दुर्वासा लाल निषाद के पिता मुनीलाल निषाद एवं माता बोधनी बाई निषाद देवरी ख साथ में उपस्थित शहीदों के परिजनों का सम्मान किया गया। संभागीय भूतपूर्व सैनिक कल्याण संघ भिलाई-दुर्ग छग अमर शहीद के सम्मानार्थ समारोह के अतिथिगण मुख्य अतिथि भोजराज नाग सांसद लोकसभा क्षेत्र कांकेर, मोहन मंडावी पूर्व सांसद कांकेर लोक सभा क्षेत्र, पवन साहू अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद, सोना देवी मान सिंह देशलहरा अध्यक्ष जिला पंचायत बालोद, विरेन्द्र साहू पूर्व विधायक गुण्डरदेही, पुष्पेन्द्र चंद्राकर सदस्य जिला पंचायत बालोद, एमके राठी संस्थापक अध्यक्ष भूतपूर्व सैनिक कल्याण संघ भिलाई-दुर्ग, दुष्यंत सोनवानी मंडल अध्यक्ष, भाजपा हरप्रीत सिंह, ठाकुर राम चन्द्राकर भाजपा कार्यकर्ता प्रदेश अध्यक्ष छग आर्मी वेलफेयर फांउडेशन छग, बिजेश सिंह संरक्षक छग आर्मी वेलफेयर फांउडेशन छग, नमिता हाण्डा प्रमुख सलाहकार छग आर्मी वेलफेयर फांउडेशन छग, हनुनाग जिला अध्यक्षा छग आर्मी वेलफेयर फांउडेशन दुर्ग, राजेन्द्र निषाद अध्यक्ष छग निषाद समाज संभाग जिला बालोद, डॉ. धनश्याम निषाद अध्यक्ष छग निषाद समाज जिला-दुर्ग, अरुण साहू अध्यक्ष संरपंच संघ जिला बालोद, कृतिका साहू सदस्य जिला पंचायत बालोद, इन्द्रपाल चंद्राकर वरिष्ट भाजपा कार्यकर्ता बालोद, थान सिंह मंडावी पूर्व सांसद प्रतिनिधि कांकेर, सरपंच ग्राम देवरी ख खिलेन्द्र साहू, अशु बाई गायकवाड उप सरपंच ग्राम पंचायत देवरी, पवन कुमार निषाद संस्थापक अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद् छग, अनिल देशमुख जिला अध्यक्ष अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद् छग, भुवन लाल देशमुख देशमुख प्रदेश संरक्षक आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालक जीवन लाल चंद्राकर शिक्षक व्दारा किया गया। प्रभारी प्राचार्य विजय रामटेके, पंचायत सचिव गुलाब साहू व समस्त ग्राम पंचायत देवरी के ग्रामीण जन उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि द्वारा शहीद के परिवार का सम्मान किया गया और साथ ही साथ छात्र-छात्राओं का सम्मान भी किया गया। यह जानकारी सरपंच खिलेन्द्र साहू व सैनिक के पिता मुन्नी लाल निषाद ने दी।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि कांकेर लोक सभा सांसद भोजराज नाग द्वारा अमर शहीद दुर्वासालाल के तैलचित्र पर माल्यार्पण करके सद् अमन किया गया और देश के नव जवानों को सलामी दी गई। सांसद ने कहा कि इस देवरी गांव के नाम को और प्रदेश में उजागर करेंगे। इस अमर शहीद के नाम से गांव में विकास के लिए 5 लाख रू की स्वीकृत की गई और तांदुला नदी जो देवरी ख से तिरखैरी जाने के लिए बडा पुलिया बनाने की केंद्र सरकार से मांग करेंगे।

# कंधे से कंधा मिलाकर स्कूल के विकास में सभी साथ निभाएं: साहू



हरिभूमि न्यूज ▸▸। जामगांव आर

शिक्षक दिवस के अवसर पर शासकीय उमावि भाठागांव आर में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम और नवनियुक्त शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह तथा पुराने सदस्यों का विदाई दी गई। कार्यक्रम में लेखराम साहू पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा बालोद, राजेश्वर कतलम सेवानिवृत्त आरक्षण, विनोद कतलम सेवानिवृत्त निरीक्षक, केके साहू अध्यक्ष, सलीम खान पूर्व अध्यक्ष और शशि कला साहू सरपंच ग्राम पंचायत भाठागांव अतिथि मंच पर आसीन रहे। प्राचार्य शेष नारायण वर्मा द्वारा स्वागत पौधा भेंटकर किया गया।

**■ भाठागांव आर स्कूल में शिक्षक सम्मान कार्यक्रम**

स्वागत भाषण में वर्मा द्वारा पूर्व सदस्यों के कार्यों को सराहते हुए नये सदस्यों से सहयोग और सुझाव का उम्मीद किया। पूर्व अध्यक्ष सलीम खान ने अपने पांच वर्ष के कार्य का जिक्र करते हुए आगे भी शाला के सर्वांगीण विकास में सहयोग का भरोसा दिलाया। नवनियुक्त अध्यक्ष केके साहू ने शिक्षक दिवस पर सभी शिक्षकों को बधाई देते हुए पूर्व राष्ट्रपति सर्वपल्ली राधाकृष्णन के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए शाला परिवार के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम करने का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में नवनियुक्त केके साहू अध्यक्ष, शशिकला साहू सरपंच, रोमन सिंह साहू शिक्षा विद्, आशिष साहू विधायक प्रतिनिधि, भानु साहू पत्रकार, योगेश शर्मा, कौशल किशोर साहू, भुनेश्वर कतलम, दुष्यंत साहू, रमेश मानिकपुरी, मयाराम देवांगन, राजेश कुमार शर्मा, परमानंद साहू, कांति सोनेश्वरी, अरूणा ठाकुर, जयंती देवांगन ओर ख्वाज बेगम ने शपथ ग्रहण किया और पूर्व सदस्य सलीम खान पूर्व अध्यक्ष, संजय साहू प्रभारी मंत्री मनोनीत सदस्य, हेमंत चन्द्राकर सांसद प्रतिनिधि, पीएस बीरे शिक्षा विद्, संतोष नागरिया, रवि तिवारी, कुंती बंजारे सहित सभी सदस्यों का सम्मान पूर्वक विदाई किया गया। इस अवसर पर सरपंच और सदस्यों द्वारा शेष नारायण वर्मा प्राचार्य, वेद प्रकाश यदु प्रधान पाठक,व्याख्याता गजेन्द्र यदु, चंद्रशेखर तिवारी, सुमन तिवारी, पीएल देशमुख, खेमराज साहू, प्रमोद कुमार देशमुख, एफ तिग्गा, विनोद आदि उपस्थित थे।



## बिजनेस साइट

### ओम ज्वेलर्स में विशेष ऑफर को मिल रहा ग्राहकों का अच्छा प्रतिसाद




**भिलाई।** दुर्ग शहर के ह्रदय स्थल ओम ज्वेलर्स शॉप नंबर 64 बी इंदिरा मार्केट दुर्ग अपनी डिजाइन व और वैरायटी के सुप्रसिद्ध स्थान है एवं टोटल हॉल मार्क जेवर 18 कैरेट, 20k.22k न्यूनतम मजदूरी के साथ अपने ग्राहकों को हमेशा दी जा रही है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को हमेशा नग मीने कुंदन के ज़ेवर उपलब्ध नहीं करता बल्कि जिसमे ज्यादा लॉस न हो वही ज़ेवर प्रदान किया जाता है। हर 10 ग्राम खरीदी पर निश्चित कुछ ना कुछ गिफ्ट आइटम अपने ग्राहकों को प्रदान की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की की जाती है। ओम ज्वेलर्स अपने ग्राहकों को टोटल शुद्ध हॉलमार्क के गहने प्रदान करता है वही पुराने गहनों की भी अच्छी दाम मे वापसी लेता है। ग्राहकों कि विश्वनीयता वर्षो से कायम है नए नए ग्राहकों जो ओम ज्वेलर्स से जुड़ रहे है वो निःसंकोच सरकार द्वारा प्रमाणित huid हॉलमार्क के गहने खरीद सकते है जो शत प्रतिशत खरी है। शादी में दुल्हनों के लिए एक से एक बढ़िया सोने चांदी के लेटेस्ट कलेक्शन गहनों का विशाल श्रृंखला है। देखने को मिलता है हमेशा ही लेटेस्ट व फ्रेश डिजाइन सीधा ग्राहकों को प्रदान की जाती है।

### बीएम आईटीआई में विद्यार्थियों ने लिया प्रवेश




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त शासकीय आईटीआई में एनसीवीटी दिल्ली एवं एससीवीटी द्वारा मान्यता प्राप्त व्यवसाय, ट्रेडों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 8 सितंबर को हुई। बीएम प्राइवेट आईटीआई गोकुल नगर, पुलगांव दुर्ग जो कि एनसीवीटी दिल्ली से मान्यता प्राप्त संस्था है, जिसके अंतर्गत ट्रेड- कोपा (कंप्यूटर), इलेक्ट्रीशियन, डीजल मैकेनिक, हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर, स्टेनो हिंदी तथा फायर टेक्नोलॉजी एंड इंडस्ट्रियल सेफ्टी मैनेजमेंट कोर्स संचालित है। बीएम आईटीआई की स्थापना वर्ष 2015 में हुई है। संस्था का विगत वर्षों का रिजल्ट शत प्रतिशत रहा है। आरक्षित वर्ग हेतु संस्था में छात्रवृत्ति की सुविधा भी उपलब्ध है। इच्छुक अभ्यर्थी प्रवेश हेतु निःशुल्क ऑनलाइन आवेदन बीएम आईटीआई में किया। ऑनलाइन आवेदन हेतु वेबसाइट- cgiti.cgstate.gov.in विद्यार्थी फीस सुविधा अनुसार किस्तों में भी जमा कर सकते हैं। यह जानकारी संस्था के प्राचार्य ने दी।


# अंतरजाति विवाह करने वाले निर्मलकर समाज के नवयुवक को समाज में किया गया शामिल

हरिभूमि न्यूज ▸▸। अंडा



सुपेला निवासी सूरज निर्मलकर ने अंतरजाति विवाह किया था जिसको समाज में शामिल करने के लिए कुछ लोग विरोध कर रहे थे। सुपेला के समाजजनों ने दुर्ग जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर से संपर्क किया और पूरे समाज के लोग प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर से राजधानी में संपर्क किया। प्रदेश अध्यक्ष ने ससम्मान उक्त बालिग विवाहित जोड़े को समाज में शामिल करने के लिए निर्देश जारी किया। प्रदेश अध्यक्ष के सुपेला आगमन हुआ जहां पर समाज के सम्मान में उक्त नव दंपति जोड़ा ने भोज का आयोजन रखा था जिसमें प्रदेश अध्यक्ष ने पहुंचकर कन्यादान किया। जैसे ही प्रदेश अध्यक्ष के आगमन का पता समाज जनों को लगा, समाज के लोगो ने अपने जिला अध्यक्ष गोपाल निर्मलकर के नेतृत्व में वस्त्र आभूषण भेंट कर शानदार अभिनंदन विवाह स्थल पर ही किया। इस अवसर पर राजनांदगांव के जिला अध्यक्ष चैतराम निर्मलकर, प्रदेश संगठन मंत्री नकुल निर्मलकर, रायपुर के अध्यक्ष वरुण निर्मलकर, सुपेला के पूर्व अध्यक्ष गौतम रजक, भिलाई नगर के पूर्व अध्यक्ष शंकर रजक, धमतरी जिला संगठन प्रभारी पंचदेवी निर्मलकर, बाला पंच के रूप में आदिवासी समाज के अध्यक्ष सुरेश नेताम, चंद्रेश देवांगन, मैना निर्मलकर आदि आयोजन की साक्षी बने।

# सरस्वती शिशु मंदिर में बहती है संस्कार की वैचारिक गंगा: बारले



**जामगांव आर।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जामगांव आर में विधार्थियों ने गुरुजनों का सम्मान करते हुए विविध मंचन के साथ शिक्षक दिवस मनाया। गुरु और शिष्यों ने एक साथ शपथ लिए कि हम गुरु माता पिता की बातों का सम्मान करेंगे। प्राचार्य पीएल बारले ने कहा कि जो शिष्य गुरु, माता-पिता की बातों को सुनते समझते हैं उनका भविष्य होनहार बनता है जीवन में सफलताएं कदम चूमती है। सरस्वती शिशु मंदिर में संस्कार की वैचारिक गंगा प्रवाहित होती है जिसका भरपूर लाभ उठाना चाहिए। वहीं कार्यक्रम में प्राचार्य पीएल बारले, व्यवस्था प्राचार्य धनेश्वरी साहू, व्यवस्था प्रधानाचार्य मिडिल दिव्या चंद्राकर, प्राथमिक सुनीता सेन, कार्यालय प्रमुख हथेश्वर साहू, परमेश्वरी सिन्हा, तृप्ति चंद्राकर, प्रीति साहू, रोशनी साहू, तेजेश्वरी साहू, निहारिका धीवर आदि का सम्मान किया गया।

## हर्षोल्लास से मनाया तीज पर्व, भगवान शिव की पूजा अर्चना

# महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र के लिए रखा व्रत

हरिभूमि न्यूज ▸▸। सेलूद



नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में तीज का त्योहार मनाया गया। तीज पर निर्जला व्रत रखकर सुहागिन महिलाओं ने अखंड सुहाग का वर मांगा। तीज पर्व की शुरुआत करेला सब्जी के साथ खाने के साथ हुई। ग्राम छाटा में सामूहिक रूप से करू भात खिलाने का व्यवस्था ग्राम के युवकों के द्वारा किया गया। इसी दिन धरती के सिंगार नाचा का मंचन कलाकारों ने किया। इसके बाद महिलाओं ने रात में फुलेरा बनाकर रात्रि जागरण किया तथा इस दौरान भजन कीर्तन भी किया गया। तीज पर्व में महिलाएं अपने मायके आती हैं जहां वे उपवास रखती हैं। कुछ जगहों पर कुंवारी लड़कियां भी सुयोग्य वर पाने के लिए यह व्रत रखती हैं। तीज पर्व हर वर्ष भाद्रपद माह में शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को मनाया जाता है। शुक्रवार हरतालिका तीज व्रत में महिलाओं ने मां पार्वती और भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा कर व्रत रखा। रात्रि में घरों में फुलेरा बनाकर भजन कीर्तन किया। व्रत पश्चात शनिवार सुबह शिव मंदिरों में महिलाएं पूजा पाठ के लिए पहुंचे। तीज पर्व का व्रत रखने के पूर्व करेला का सेवन किया जाता है। यह व्रत सुहागिन महिलाओं के द्वारा पति की लंबी आयु और सुख-सौभाग्य की कामना के लिए रखा जाता है। इस व्रत को बेहद ही कठिन माना जाता है, क्योंकि ये निर्जला व्रत होता है। हरतालिका तीज व्रत को सबसे कठिन व्रत में से एक माना जाता है। इस दिन महिलाएं बिना अन्न, जल ग्रहण किए पूरे दिन निर्जला व्रत रखती हैं। इसलिए शास्त्रों में हरतालिका तीज व्रत को लेकर कुछ नियम बताए गए हैं। कहा जाता है कि इस व्रत के दौरान कुछ गलतियां करने से बचना चाहिए। हरतालिका तीज का व्रत निर्जला होता है। इस दिन पानी का भी सेवन नहीं किया जाता है। साथ ही इस व्रत का पारण अगले दिन सूर्योदय के बाद होता है। हरतालिका तीज व्रत के दौरान दिन व रात भर जागकर शिव और मां पार्वती की पूजा व भजन किया जाता है। मान्यता है कि यदि व्रत के दौरान कोई सोता है तो उसे व्रत का पूर्ण फल नहीं मिलता है।

# रिसाली में होंगे 14.26 करोड़ से 171 विकास कार्य, मंत्री साव ने किया भूमिपूजन

## रिसाली निगम के 40 वार्डों में किए जाएंगे इन पैसों से विकास कार्य, सांसद बघेल, विधायक ललित हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

प्रदेश में नगर पालिक निगम रिसाली को बेहतर बनाऐंगे। इसकी गिनती और सुंदरता अच्छे निकाय के रूप में होगी। इसके लिए रूपए की कमी होने नहीं देंगे। यह बातें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री व नगरीय निकाय, लोक निर्माण विभाग के मंत्री अरूण साव ने कहीं। उन्होंने वार्ड 30 में 15 लाख से चौक सौन्दर्यीकरण के तहत बनाए भक्त माता कर्मा चौक का लोकार्पण किया। वहीं 14 करोड़ 26 लाख 18 हजार से होने वाले विकास कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि 14 करोड़ से अधिक की राशि का विकास कार्य महज 8 माह के कार्यकाल का परिणाम है। उन्होंने सरकार की उपलब्धी गिनाते हुए कहा कि किसानों को अंतर की राशि को उनके खातों में सरकार बनने के 12 दिन बाद ही डाल दिया। किसान अंतर की राशि को भूल गए थे। इसी तरह गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास स्वीकृति का कार्य लगातार चल रहा है। दुर्ग सांसद विजय बघेल ने कहा कि यहां की जनता उनसे बेहद स्नेह करती है। यही वजह है कि वे दूसरी बार सांसद होकर उनके बीच खड़े है। सांसद ने नगरीय प्रशासन मंत्री से आग्रह किया कि रिसाली निगम की मांगों को वे प्राथमिकता देकर अधिक से अधिक राशि स्वीकृत करें।

इस अवसर पर महापौर शशि सिन्हा, सभापति केशव बंछोर, नेता प्रतिपक्ष शैलेन्द्र साहू, लोक निर्माण विभाग प्रभारी अनुप डे, जिला भाजपा अध्यक्ष महेश वर्मा, भाजपा के दीपक साहू, सांसद प्रतिनिधि दीपक पप्पू चंद्राकर, मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेन्डे व तहसील, जिला एवं प्रदेश साहू संघ के पदाधिकारी उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापित आयुक्त मोनिका वर्मा ने किया।

### विकास की यह शुरूआत है: विधायक

दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि 14 करोड़ 26 लाख की राशि से होने वाले 171 विकास कार्य शुरूआत है। रिसाली में विकास की नई गाथा लिखी जाएगी। दुर्ग ग्रामीण विधायक ने उप मुख्यमंत्री के साथ युवा मोर्चा में एक साथ कार्य करने का हवाला देते हुए कहा कि विकास को गति देने वे लगातार मुलाकात करते रहते है। नगरीय प्रशासन मंत्री उनकी हर योजनाओं को ध्यान से सुनने के बाद उसे क्रियान्वयन के निर्देश देते है। उन्होंने रिसाली के नागरिकों को भरोसा दिलाया कि वे यहां विकास की नई गाथा लिखेंगे।



### महापौर ने मांगा ऑडिटोरियम

अतिथियों का स्वागत महापौर शशि सिन्हा ने की। उन्होंने स्वागत भाषण में अब तक हुए विकास कार्यों की जानकारी देते कही कि नया निकाय होने की वजह से संसाधन का अभाव है। यहां पेयजल के लिए टैंकर, 2 शव वाहन और ऑडोटोरियम की आवश्यकता है।

### सांसद ने दिए स्मृति चिन्ह

कार्यक्रम समापन से पहले दुर्ग सांसद विजय बघेल ने उप मुख्यमंत्री अरूण साव को स्मृति चिन्ह भेंट किया। वही सांसद को दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने और विधायक को महापौर शशि सिन्हा ने स्मृति चिन्ह भेंट की।

### मंत्री की दो टूक

नगरी प्रशासन मंत्री अरूण साव ने उद्बोधन के दौरान कहा कि एक साथ 14 करोड़ से अधिक की राशि से 171 कार्य अलग-अलग वार्डो में होना है। उन्होंने आयुक्त मोनिका वर्मा को निर्देश दिए कि वे कार्यो की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दे।

### समाज को 20 लाख

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरूण साव ने रिसाली स्थित कर्मा चौक पर प्रवेश द्वार के अलावा कर्मा भवन में मंच व अन्य विकास कार्य के लिए 20 लाख देने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि मुख्य आयोजन कर्मा माता चौक का लोकार्पण है। कर्मा भवन में विकास के लिए स्थानीय पदाधिकारियों ने मांग की है।

## खबर संक्षेप

### शाला विकास और प्रबंधन समिति गठित

**पाटन।** पाटन क्षेत्र के सबसे प्रतिष्ठित शासकीय उच्चतर माध्यमिक बालक शाला पाटन जिसे अब स्वामी आत्मानंद अंग्रेज़ी माध्यम स्कूल पाटन के नाम से जाना जाता है जिसका शाला विकास एवं प्रबंधन समिति का गठन जिले के प्रभारी मंत्री द्वारा नियुक्त अध्यक्ष कुणाल शर्मा द्वारा किया गया है। शाला विकास एवं प्रबंधन समिति के अध्यक्ष कुणाल शर्मा ने सूची जारी करते हुए अन्य औपचाकरिक प्रक्रिया को पूर्ण करने सूची प्राचार्य को सौंप दिया है। जारी सूची के अनुसार अध्यक्ष कुणाल शर्मा होंगे वहीं पदेन सचिव वेलेनटीना मसीह प्राचार्य, शिक्षाविद् के रूप में भास्कर सावर्णी, योगेश निक्की भाले नेता प्रतिपक्ष पाटन पदेन सदस्य, किशन पटेल आदि मनोनीत हुए।

## निधन

### संतोष सेन

**भिलाई।** टाटा लाइन भिलाई नवासी सेलून संघ भिलाई के पूर्व महासचिव व दुर्ग जिला उपाध्यक्ष संतोष सेन का 8 सितंबर को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 9 सितंबर को रामनगर मुक्तिधाम में किया जाएगा। वे दो पुत्र व एक पुत्री समेत भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उनके निधन पर सेन समाज ने शेक व्यक्त किया है।



## संयुक्त यूनियन ने दायर किया था परिवाद, बीडब्ल्यूयू ने जताया विरोध

# बीएसपी कर्मियों को अब महीने में 9 दिन के बजाय 12 दिन की 15 मिनट ड्यूटी में छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी में बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम लागू होने के बाद कर्मचारियों में आक्रोश है। संयुक्त ट्रेड यूनियन इस मामले में श्रम आयुक्त के समक्ष परिवाद दायर कर स्टैंडिंग आर्डर की धारा 7 में प्रदत्त अधिकार के तहत शिफ्ट शुरू होने के 15 मिनट के अंदर पूरे महीने भर ड्यूटी आ सकने के नियम को लागू करने की मांग की।

सहायक श्रम आयुक्त केंद्रीय राहुल शर्मा के समक्ष इस मुद्दे पर सुनवाई हुई। इसमें सहायक श्रम आयुक्त ने ट्रेड यूनियनों के साथ बैठक कर इस मामले को सुलझाने का निर्देश प्रबंधन को दिया। मुख्य महाप्रबंधक कार्मिक संदीप माथुर सहित पर्सनल विभाग के महाप्रबंधकों के साथ संयुक्त यूनियन में शामिल इंटक बीएमएस एटक सीटू एचएमएस एक्टू एवं लोईमू यूनियन के नेताओं की इस्पात भवन में बैठक हुई। इसमें यूनियन ने रोड पर ट्रैफिक जाम की स्थिति को देखते हुए सभी कर्मचारियों को पूरे महीने भर आधे घंटे की छूट देने की मांग की। प्रबंधन के साथ बहस के बाद यूनियन ने कहा कि सभी कर्मचारियों को एक्ट में प्रदत्त अधिकार के तहत ड्यूटी शुरू होने के 15 मिनट के भीतर पूरे महीने भर ड्यूटी आ सकने की सुविधा प्रदान की गई है। इसी आधार पर बर्नपुर ने कर्मचारियों के लिए पूरे महीने भर ड्यूटी शुरू होने में 15 मिनट की छूट देने का सर्कुलर जारी किया है। यूनियन ने बर्नपुर के सर्कुलर की कॉपी भी प्रबंधन को उपलब्ध कराया और इससे बेहतर सुविधा भिलाई में भी दिये जाने की मांग की। प्रबंधन ने यूनियन नेताओं से कहा था कि प्रबंधन आपकी मांग पर गंभीरता से विचार करेगा।

### इस्पात भवन का टाइम 9 बजे की बजाय 9:15



### कर्मचारियों के अधिकारों का हनन

आज बीएसपी प्रबंधन द्वारा जारी सर्कुलर में महीने में 9 दिन की बजाय 12 दिन तक 15 मिनट देर से आ सकते की छूट दिए जाने का सर्कुलर जारी किया है। संयुक्त यूनियन ने कहा कि प्रबंधन द्वारा सकारात्मक कदम उठाया जाना तो ठीक है लेकिन एक्ट का मनमाने तरीके से उल्लंघन किए जाने पर संयुक्त यूनियन ने नाराजगी व्यक्त किया। संयुक्त यूनियन श्रम आयुक्त के समक्ष अगली सुनवाई में प्रबंधन द्वारा मनमाने तरीके से कर्मचारियों के अधिकारों का हनन करने का मुद्दा उठाते हुए प्रबंधन को कड़े निर्देश दिए जाने की मांग रखेगी। सर्कुलर में इस्पात भवन व एचआरडीसी में कार्यरत कर्मचारियों की ड्यूटी टाइम में परिवर्तन किया गया है। अब यहां 9:00 बजे से 5:30 बजे की बजाय ड्यूटी टाइम 9:15 बजे से 5:45 बजे तक रहेगा।

### ड्यूटी आने के समय में बदलाव से परेशानी



**भिलाई।** बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने बीएसपी के नान वर्क एरिया में कर्मचारियों के लिए ड्यूटी टाइम आगे किए जाने का कड़ा विरोध विरोध करते हुए कहा है कि प्रबंधन अचानक से कर्मियों के किसी मुद्दों पर भी निर्णय ले लेता है और इन निर्णय लेने के पूर्व ना ही यूनियन से बैठक करता है और ना ही इस संबंध में कोई जानकारी देता है। जो की गलत परंपरा है। इस प्रकार की नीति किसी भी संस्था में स्वस्थ उद्योगिक संबंध स्थापित करने की दिशा में गलत कदम होगा। यूनियन ने कहा है कि इस मामले में केंद्रीय श्रम मंत्री को पत्र लिखकर विरोध जताया जाएगा। यूनियन की हुई बैठक में प्रबंधन से अपने निर्णय पर पुर्नविचार करने की मांग की गई। बीडब्ल्यूयू के अध्यक्ष उज्जवल दत्ता ने बताया कि संयंत्र प्रबंधन ने अचानक से नॉन वर्क एरिया में कार्य करने वाले कर्मी जो कि इस्पात भवन एवं बी टी आई में कार्यरत है उनके समय सीमा को 15 मिनट आगे कर दिया है। प्रबंधन ने यह कार्य गेट में भीड़ कम करने और सड़क दुर्घटना को रोकने के उद्देश्य किया है। इस कार्य को करने का जो तरीका प्रबंधन ने अपनाया है वह एक तानाशाही नीति है। कभी भी आईडी एक्ट और श्रम कानून में औद्योगिक शांति स्थापित करने की दिशा में किया गया उचित प्रयास नहीं होगा। बीएसपी प्रबंधन किसी भी निर्णय के पूर्व यूनियन से चर्चा करे कर्मियों पर थोपे नहीं। यूनियन इस मामले में केंद्रीय श्रम मंत्री को केंद्रीय श्रम आयुक्त को पत्र लिखकर विरोध करेगी।

**बिना चर्चा बायोमेट्रिक से भी परेशानी:** इसके पूर्व भी जब संयंत्र में बायोमेट्रिक पद्धति लगाया गया तो यूनियन से किसी प्रकार की भी बात करना या उनको जानकारी देना भी प्रबंधन ने उचित नहीं समझा। इसमें होने वाले किसी भी परेशानी से कैसे निपटा जाए, इस पर विचार विमर्श करना उचित नहीं समझा। परिणाम यह हुआ कि आज भी गेट की व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित नहीं हो पा रही है और लोगों को ड्यूटी टाइम में बाहर निकालने के लिए 15 मिनट से आधे घंटे का अतिरिक्त समय देना पड़ रहा है। जब कोई कर्मचारी बायोमेट्रिक में अपनी हजारी लगाता है तो उसे वह हाजिरी सिस्टम में एक दिन बाद दिखता है। जबकि हाजिरी लगाते साथ सिस्टम में अपडेट हो जाना चाहिए। बीडब्ल्यूयू ने मांग की है कि प्रबंधन ड्यूटी टाईम बढ़ाने के अपने फैसले पर पुनर्विचार करे साथ ही ड्यूटी पहुंचने के समय में दी गई 12 दिन 15 मिनट देर तक की छूट की समय सीमा को बढ़ाकर काम से कम 15 दिन करे।

# विधायक देवेंद्र की नि:शर्त रिहाई की मांग को लेकर करेंगे विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बलौदाबाजार हिंसा मामले की तथ्यता से जांच किए बिना जांच के भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव की गयी गिरफ्तारी के विरोध में सर्व यादव समाज ने मोर्चा खोल दिया है। इस संबंध में रविवार को सेक्टर-6 स्थित बांके बिहारी डोमशेड में सर्व यादव समाज के पदाधिकारियों की बैठक हुई। जहां समाज के पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन की विफलता की वजह से हुई घटना में भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव की षड़यन्त्रपूर्णक की गई गिरफ्तारी पर नाराजगी जताई। विधायक की नि:शर्त रिहाई की मांग को लेकर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया। समाज के मीडिया प्रभारी के अनुसार 10 सितंबर को सुपेला घड़ी चैक पर स्थित स्व. चंदूलाल चंद्राकर की प्रतिमा के सामने सर्व यादव समाज के बैनर तले एक दिवसीय विरोध प्रदर्शन किया जायेगा। मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर किया जायेगा। बैठक में युवा यादव कल्याण परिषद, भिलाई यदुवंशी कल्याण संघ, यादव कल्याण परिषद् सेक्टर-07, तेलुगू यादव समाज, खुर्सीपार यादव समाज एवं ठेठवार यादव समाज के पदाधिकारी मौजूद थे।

■ सर्व यादव समाज की बैठक में लिया निर्णय

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
7987328736, 7489348301

online Booking:-www.tripuryatra.com

स्लीपर मात्र 8,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
14 अक्टूबर से 20 अक्टूबर 2024 तक, 23 दिसंबर से 29 दिसंबर 2024, 02 मई से 08 मई 2025
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 8,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-73544-11411

# वेतन समझौता में सर्वसम्मति की परिपाटी तोड़ बहुमत से निर्णय लेना सेल कर्मचारियों के लिए नुकसानदेह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हिंदुस्तान स्टील एम्पलॉइज़ यूनियन, भिलाई (सीटू) की 2 दिवसीय सांगठनिक कार्यशाला के बाद सेक्टर-5 मार्केट स्थित डोम शेड विजय ऑडिटोरियम में सामान्य सभा संपन्न हुई। इसमें सीटू और स्टील वर्कर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय नेतृत्व ने कर्मियों के साथ सीधे संवाद में ज्लंत प्रश्नों का उत्तर दिया।

सेल प्रबंधन के वेतन विसंगतिपूर्ण निर्णय पर सीटू के राष्ट्रीय महासचिव तपन सेन ने कहा कि एनजेसीएस में पहली बार प्रबंधन ने सर्वसम्मति की उच्च परिपाटी को तोड़ कर बहुमत द्वारा निर्णय लेने की एक नई परिपाटी शुरु की। प्रबंधन का यह निर्णय कर्मचारियों के लिए नुकसानदेह है। 2009 में भी प्रबंधन सीटू को अलग-थलग करने के लिए बाकी सभी यूनियनों से हस्ताक्षर करवा लिया था लेकिन सीआईटीयू ने कर्मचारियों पर भरोसा किया और अकेले ही हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया। प्रबंधन को आखिरकार बहुमत द्वारा लिए गए कर्मचारी विरोधी फैसले को बदल कर कर्मचारियों के नुकसान वाले प्रावधानों को समझौते से हटाना पड़ा था।

■ सीटू की कार्यशाला व सामान्य सभा में राष्ट्रीय नेताओं ने प्रबंधन को लिए आड़े हाथ

महासचिव ललित मोहन मिश्र ने कहा कि 21 अक्टूबर 2021को हमने अन्य सभी यूनियनों से हाथ जोड़कर विनती किया था कि प्रबंधन ने एरियर्स भुगतान की जो शर्त रखी है वह सही नहीं है इसीलिए ऐसी शर्त के साथ एमओयू पर हस्ताक्षर ना करें। दूसरे दिन 22 अक्टूबर 2021 को एरियर्स भुगतान पर किसी भी तरह के उल्लेख के बिना ही बाकी तीन यूनियनों ने हस्ताक्षर कर दिया।

### लाभ में हिस्सेदारी कर्मियों का अधिकार

श्री मिश्रा ने कहा कि बोनस फार्मूला को समझने के लिए किसी पीएचडी की जरुरत नहीं है। प्रबंधन ने जब बोनस के लिए विगत 5 वर्षों के औसत को आधार मानकर फॉर्मूला प्रस्तुत किया तो उसी समय स्पष्ट हो गया था कि हमें पिछले वर्ष मिले अधिकतम बोनस को आधार बनाकर बोनस भुगतान नहीं किया जाएगा बल्कि विगत 5 वर्षों के औसत के आधार पिछले वर्ष प्राप्त अधिकतम बोनस से कम राशि को आधार बनाकर बोनस दिया जाएगा। सीटू नेताओं ने उस समय अन्य नेताओं से बोनस फॉर्मूला पर हस्ताक्षर नहीं करने की मांग किया था क्योंकि इस फॉर्मूला पर हस्ताक्षर करने का अर्थ, पिछले वर्ष से कम बोनस पर अपनी सहमति देना था। लेकिन उस समय भी अन्य यूनियन नेताओं ने सीटू नेताओं की बातों को नजरअंदाज किया।

### मेन पावर कम कर बढ़ा रहे आउटसोर्स

सीटू के राष्ट्रीय नेता ने कहा कि वेतन समझौते के लिए सरकार ने स्पष्ट निर्देश दिया हुआ है कि घाटे के वर्षों का कोई वेतन समझौता लाभ नहीं दिया जाना है। राष्ट्रीय उत्पादन कौंसिल द्वारा बीएसपी के मेन पॉवर की गहन समीक्षा की गई। बीएसपी 10500 के आसपास किया जाएगा, जिसमें खदान और अधिकारियों की संख्या भी शामिल है। इसका यानी कुल कर्मचारियों की संख्या 7500 हजार रह जाएगी। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखकर सभी महत्वपूर्ण कार्यों को ठेके पर दिया जा रहा है। सरकार के वर्तमान प्रावधानों के बाद अब ठेका कर्मियों की जगह अप्रेंटिस की नियुक्ति होगी, जिसका परिणाम यह होगा कि कार्यस्थल पर धीरे धीरे कौशल स्थायित्व समाप्त हो जाएगा और निरंतर अस्थायित्व तथा अस्थिरता बढ़ती जाएगी।

# निजी कंपनी से संपत्तिकर वसूली नगर पालिक निगम भिलाई पर पड़ रही भारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर निगम भिलाई में संपत्तिकर वसूली के लिए आउसोर्सिंग एजेंसी बदले जाने के बाद भी निगम प्रशासन को राहत नहीं मिल रही है। इससे निगम को चौतरफा नुकसान हो रहा है। सबसे बड़ा नुकसान वित्तीय स्थिति कमजोर होने से कर्मचारियों को फिर वेतन के लाले पड़ने की नौबत आ रही है। उल्लेखनीय है कि कुछ साल पूर्व तक भिलाई नगर निगम में संपत्तिकर वसूली का काम खुद निगम अपने अमले से करवा रहा था। लेकिन इसके बाद काम स्पेयरो नामक निजी कंपनी को दे दिया गया। विभागीय कर्मचारियों व अधिकारियों को सफाई आदि अन्य विभागों के काम पर लगा दिया गया। स्पेयरो कंपनी की भर्राशाही से निगम को करोड़ों रुपए का नुकसान हुआ। इसके बाद टैक्स वसूली का काम पिछले एक साल से दूसरी निजी कंपनी को दिया गया है। लेकिन दावे के उलट यह कंपनी निगम द्वारा दिए गए वसूली के टार्गेट को अजीव करना तो दूर नियमित टैक्स वसूली भी नहीं कर पा रही है। निगम सूत्रों के मुताबिक टैक्स राशि वसूली सैटलमेंट के नाम पर भर्राशाही की खेल फिर शुरु हो गया है। इससे निगम को लाखों रुपए का चूना लग रहा है। इससे निगम की वित्तीय स्थिति कमजोर हो रही है। कर्मचारियों को वेतन संकट गहराने की चिंता फिर सता रही है।

■ पूरा नहीं हो रहा लक्ष्य, सेटलमेंट में भी घालमेल

### निगम का अमला करे वसूली

लगातार निजी एजेंसियों को टैक्स वसूली का काम दिए जाने से हो रहे नुकसान को देखते हुए निगम के अमले से ही वसूली किए जाने की मांग जोर पकड़ रही है। निगम सूत्रों के मुताबिक कुछ साल पूर्व केंद्री यूनियनों द्वारा टैक्स वसूली पूर्व की तरह नगर निगम के नियमित विभागी अमले से ही कराए जाने का सुझाव दिया गया था। लेकिन शासन स्तर का मामला होने के कारण ध्यान नहीं दिया गया। इससे निगम के टैक्स वसूली अनुभव वाले कर्मियों व अधिकारियों में भी निराशा है। निगम को वित्तीय घाटा अलग हो रहा है।

आवश्यकता है
हरिभूमि छत्तीसगढ़ का नंबर 1 अखबार

हरिभूमि समाचार पत्र को सर्वे कार्य हेतु 20 युवकों की आवश्यकता है, जिसके पास स्वयं का वाहन हो, इच्छुक व्यक्ति संपूर्ण बायोडाटा के साथ तुरंत संपर्क करें।
योग्यता : 10वीं, 12वीं, स्नातक
वेतन 10,000 +
Resume Whatsapp करें
8370049468, 9098324969
हरिभूमि कार्यालय
पुजारी पार्क के सामने, टिकरापारा, रायपुर

## सेक्टर 2 में छत्तीसगढ़ स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता कल से

# प्रदेशभर के 980 खिलाड़ी दिखाएंगे 6 खेलों में दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता मंगलवार 10 सितंबर को भिलाई विद्यालय सेक्टर 2 प्रांगण में शुरू होगा। छह खेल इस प्रतियोगिता में होंगे। प्रतियोगिता में प्रदेशभर के 5 संभाग के 980 खिलाड़ी अपना जौहर दिखाएंगे। साइकिलिंग, बॉक्सिंग, जूडो, योगा, लान टेनिस और टेबल टेनिस की प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित इस प्रतियोगिता में खिलाड़ियों और उनके कोच सहित 1200 शामिल होंगे। राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में आयोजित खेलों के लिए स्थान भी तय हैं। मसलन साइकिलिंग की प्रतियोगिता जंयती स्टेडियम भिलाई में होगी। बॉक्सिंग की प्रतियोगता जेआरडी बहुउद्देश्यीय स्कूल दुर्ग के रिंग में होगा। जूडो के खिलाड़ी बीएनस सेक्टर 6 भिलाई में अपना भाग्य आजमाएंगे। योगा की प्रतियोगिता सीनियर सेकंडरी स्कूल सेक्टर 10 में आयोजित की गई है। लॉन टेनिस सेक्टर 5 मैदान में खेला जाएगा। टेबल टेनिस स्पर्धा शंकरा विद्यालय भिलाई में आयोजित की जाएगी।

स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेशभर से आए खिलाड़ियों के ठहरने और खाने की नि:शुल्क इंतजाम किया है। खिलाड़ियों के डाइट के हिसाब से हर दिन खाना परोसा जाएगा। दुर्ग संभाग, बिलासपुर संभाग, सरगुजा संभाग, बस्तर संभाग और रायपुर संभाग के खिलाड़ी यहां भाग लेंगे। दुर्ग संभाग के सात जिले के खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं। जिनकी संख्या करीब 175 है। जिसमें दुर्ग, बालोद, बेमेतरा, राजनांदगांव, मानपुर मोहला और खैरागढ़-छुईखदान जिला शामिल है।

### उद्घाटन समारोह

उद्घाटन समारोह के मुख्यअतिथि सांसद राजनांदगांव संतोष पांडेय होंगे। विशिष्ट अतिथि विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव, विधायक वैशालीनगर रिकेश सेन, विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, विधायक साजा ईश्वर साहू, विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, जिला पंचायत दुर्ग अध्यक्ष पुष्पा यादव, दुर्ग महापौर धीरज बाकलीवाल उपस्थित रहेंगे।

**समापन समारोह:** समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल होंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक अहिवारा डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, दुर्ग विधायक गजेन्द्र यादव, विधायक वैशालीनगर रिकेश सेन, विधायक दुर्ग ग्रामीण ललित चंद्राकर, विधायक साजा ईश्वर साहू, विधायक बेमेतरा दीपेश साहू, भिलाई महापौर नीरज पाल उपस्थित रहेंगे।

हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 9 सितंबर 2024

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
74154-69100, Message at - 9755819129




दिल्ली में हुए सामाजिक सम्मेलन में दुर्ग के भी प्रतिनिधि हुए शामिल

## लाइव इवेंट

### ओपन स्कूल की तीसरी परीक्षा के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू

**भिलाई।** ओपन स्कूल के तहत दसवीं- बारहवीं की तृतीय मुख्य और अवसर परीक्षा नवंबर में होगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। 5 अक्टूबर तक फार्म भरे जा सकते हैं। जबकि विलंब शुल्क के साथ 10 अक्टूबर तक फार्म भरे जाएंगे। इस संबंध में छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यम से आवेदन किए जा सकते हैं। ओपन स्कूल के अलावा सीजी बोर्ड, सीबीएसई या अन्य बोर्ड से फेल हुए छात्र इस परीक्षा के लिए गई है। इसके अलावा नए छात्र भी परीक्षा के लिए आवेदन किया जा सकते है। दसवीं-बारहवीं ओपन स्कूल की अब साल में तीन बार परीक्षा होगी। इस साल से ही यह व्यवस्था लागू हुई है।

- नवंबर में होगी परीक्षा, 5 अक्टूबर तक भरे जाएंगे आवेदन

#### दूसरी परीक्षा में 33 हजार से ज्यादा स्टूडेंट्स हुए शामिल, परिणाम जल्द घोषित होंगे

पिछले दिनों ओपन स्कूल की द्वितीय परीक्षा हुई। इस परीक्षा में 33 हजार परीक्षार्थी शामिल हुए थे। जानकारी के मुताबिक मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। इसे लेकर संभावना है कि इस महीने नतीजे भी जारी हो जाएंगे। तीसरी परीक्षा के आवेदन को लेकर विस्तृत जानकारी ओपन स्कूल की अधिकृत वेबसाइट पर जारी की जाएगी। ओपन परीक्षा को लेकर प्रदेश के लगभग सभी जिलों में सेंटर बनाए गए थे। ताकि विद्यार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी न उठानी पड़े।

## सिटी इवेंट

### बीटेक, एमबीए, एमटेक व पॉलीटेक्निक की काउंसिलिंग आज

**भिलाई।** शिक्षा सत्र 2024-25 के अनुसार ने बीटेक, एमबीए, पॉलीटेक्निक जैसे तकनीकी कोर्स की खाली सीटों में प्रवेश के लिए अब संस्था स्तर पर काउंसिलिंग होगी। इसके लिए 9 सितंबर से आवेदन भरे जाएंगे। जबकि 12 सितंबर की शाम 5 बजे मेरिट लिस्ट जारी होगी। इसके अनुसार 13 से 15 सितंबर तक प्रवेश होंगे। पिछले दिनों तकनीकी शिक्षा संचालनालय की ओर से विभिन्न तकनीकी कोर्स की काउंसिलिंग का शेड्यूल जारी किया गया था। इसके अनुसार इस सत्र में प्रवेश की आखिरी तारीख 15 सितंबर है। इस सत्र के लिए काउंसिलिंग की प्रक्रिया अगस्त से शुरू है। इसके बीटेक, एमबीए, एमटेक, बीटेक लेटेरल एंट्री के लिए दो चरण की काउंसिलिंग हो चुकी है। जबकि सेकंड राउंड के तहत पॉलीटेक्निक व एमसीए की सीटें रहे हैं। पिछले दिनों अलॉट की गई जिन छात्रों को सीटें मिली हैं, उन्हें 7 सितंबर तक एडमिशन लेना था। जानकारी के मुताबिक दो चरण प्रदेश के इंजीनियरिंग कॉलेजों में मैनेजमेंट छोड़कर बीटेक की कुल 9584 सीटें हैं। दो राउंड के बाद 5 हजार से अधिक सीटों में प्रवेश हुए हैं। वहीं दूसरी ओर प्रदेश में पॉलीटेक्निक की करीब साढ़े आठ हजार सीटें हैं। पहले राउंड में 1589 सीटों में एडमिशन हुआ है। सेकंड राउंड के तहत अभी एडमिशन होना है।

- इस सत्र में प्रवेश के लिए 15 सितंबर तक होंगे एडमिशन

## सिटी इवेंट

### उत्तम क्षमा धर्म के साथ दशलक्षण महापर्व की शुरुआत



**भिलाई।** श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में श्री जिनेंद्र भगवान का मंगल अभिषेक भक्तों ने किया। श्वेतांबर जैन समाज के लोगों ने सामूहिक क्षमा याचना की। श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ 1008 पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में 1008 पार्श्वनाथ, अजीत नाथ, सुमति नाथ, अभिनंदन नाथ भगवान की अष्टधातु प्रतिमा पर स्वर्ण और चांदी के कलश से भक्तों ने क्रमवार मंगल अभिषेक किया। इस अवसर पर शास्त्री सचिन कुमार ने शांतिधारा का अमृत पाठ करते हुए वरुण के साथ पूजन क्रिया संपन्न कराई। इस अवसर पर भारत जैन, संदेश जैन, डॉ. अंशुल जैन, साकेत जैन, डॉ. जिनेंद्र जैन, ज्ञानचंद बाकलीवाल, मुकेश जैन, प्रशांत जैन, प्रदीप जैन, भारत जैन सहित अन्य प्रमुख रूप से मौजूद थे। रविवार को उत्तम क्षमा धर्म दिवस की पूजा की गई। देव शास्त्र गुरु एवं 10 लक्षण के क्षमा दिवस पूजन आराधना पूरे भक्तिभाव के साथ की गई। इस अवसर पर जिनेंद्र भगवान की मंगल आरती की। 108 श्री विद्यासागर, विशुद्ध सागर के छायाचित्र पर शांति धारा के पुनर्जक और श्री पारसनाथ दिगंबर जैन महासभा मंदिर समिति सदस्यों ने मंगलदीप प्रज्वलित की।

#### क्रोध त्यागने और गलतियों की मांगी माफी

शास्त्री सचिन ने कहा कि आचार्य विद्यासागर का वचन है कि क्षमा धर्म दिवस का मतलब 10 लक्षण धर्म है। प्रथम दिवस उत्तम क्षमा धर्म दिवस पर एक दूसरे को जय जिनेंद्र करते हुए जाने अनजाने में यदि प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से हम सभी से कोई गलती हो गई हो, तो सभी क्रोध को त्यागे। संयम और प्रेम के साथ एक दूसरे को क्षमा याचना करते हुए अपने जीवन में किसी भी प्रकार का रागद्वेष और बैर भाव न रखें। यही सच्चा क्षमा धर्म है।

● बाबा रामदेव के जन्मोत्सव प्रसंगों से गूंज उठा पंडाल, बाल स्वरूप पर बरसे फूले

# जन्मोत्सव : बाबा का बचपन, भेदभाव मिटाने संदेश, भैरव राक्षस के वध जैसे दृश्यों का मंचन

**धर्म नगरी दुर्ग के गंजपारा में स्थित श्री बाबा रामदेव मंदिर के स्वर्ण जयंती महोत्सव पर आयोजित रामदेवकी कथा के प्रसंग में रविवार को प्रसिद्ध कथा वाचक पं. श्याम देव शास्त्री जी बताया कि बाबा का जब जन्म हुआ, तब उफनता दूध थम गया। पवन की ठंडी-ठंडी हवा चलने लगी। पशु, पेड़, पौधे, जीव-जंतु, आकाश-पाताल में एक उमंग का माहौल बन आया। इतने में अजमल के घर-आंगन में नन्हें कुमकुम के पगलिए दिखने लगे। चहुंओर आंखें खुशी के मारे छलकने लगी। क्योंकि अजमल के घर आनन्द भयो, जय हो रामसा पीर की।**

**दुर्ग।** यह दृश्य गंजपारा स्थित भव्य मंदिर प्रांगण में चल रही लोक देवता बाबा रामदेव लीलामृत कथा के दौरान बाबा रामदेव के जन्मोत्सव प्रसंग के दौरान देखने को मिला। श्री बाबा रामदेव मन्दिर के स्वर्ण जयंती महोत्सव महोत्सव में लीला मृत कथा के दौरान कथा वाचक श्याम देव ने बाबा रामसा पीर के जन्मोत्सव पर प्रवचन देते हुए कहा कि धन्य है ये धर्म की भूमि दुर्ग। जिसे भारत वर्ष के लोग नमन वंदन करते हैं। महाराज ने कहा कि बाबा रामदेव जी की नित्य क्रम से सेवा आरती करने से मनुष्य की जीवन वृति सफल होती है। कथा में बाबा रामदेव जी के अवतरित होने का दृश्य देखकर पंडाल करतल ध्वनी से गूंज उठा। भक्तों ने जयकारे लगाए तथा आयोजन समिति ने पांडाल में पुष्प वर्षा की। संत ने रामदेवजी की बाल लीलाओं पर प्रवचन दिए। जैसे उफनते हुए दूध को रोकना, निसंतान के संतान सुख, कपड़े के घुड़लिए में प्राण फूंककर आकाश में उड़ाना। आयोजकों ने बताया कि 13 सितंबर तक जन्मोत्सव मनाया जाना है। हर दिन शाम के समय कथा के साथ भजन हो रहा है।



#### कलकत्ता के कलाकारों की बनाई झांकियां आकर्षण का केंद्र

बाबा रामदेव की जीवंत झांकी के लिए कलकत्ता से आए प्रसिद्ध कलाकारों की द्वारा बाबा के जन्मोत्सव पर दिखाई गई झांकी को देख भक्त गन झूम उठे और देर रात्र तक झूमते, गाते रहे.. प्रतिदिन की कथा में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। अलग अलग समाज के पदाधिकारी एवं धार्मिक सामाजिक संगठनों द्वारा बाबा रामदेव की महाआरती एवं अभिषेक किया जा रहा है। रविवार की आरती ताम्रकार समाज एवं श्री गंजपारा दुर्गाउत्सव समित्ति दुर्गाधाम द्वारा की गई। अभिषेक कैलाश रूंगटा परिवार ने किया।



#### भक्त पूरे समय झूमते रहे, मंगला आरती में भी हुए शामिल

रामदेव के जन्म उत्सव पर भक्त पूरे समय झूमते रहे। पंडाल में उपस्थित अनेक श्रद्धालुओं ने मंगला आरती का लाभ लिया। महाराज के मुखारविन्द से बाबा रामदेव के जीवन आधारित उनके दिव्य परचों की अनुपम कथा में बाबा की लीलाओं को जीवंत रूप देने के लिए कलकत्ता के प्रसिद्ध कलाकार भी दुर्ग पहुंचे हुए हैं। कलाकार बाबा का बचपन, भेदभाव मिटाने के संदेश, भैरव राक्षस का वध, बाबा द्वारा दिए गए विभिन्न परचे आदि का बेहतरीन तरीके से अभिनय कर राष्ट्रीयता एकता व अखण्डता को जीवित रखने के लिए संदेश दे रहे हैं। इसे देख उपस्थित धर्मप्रेमी कथा में लीन हैं।



#### 15 तक मनाए जाने वाले उत्सव में हर दिन भक्त बढ़ रहे

15 सितंबर तक आयोजित उत्सव में हर दिन भक्त बढ़ रहे हैं। बाबा रामदेव मंदिर में उपस्थित होकर बाबा की महाआरती की जा रही है। आरती में श्री कच्छ गुर्जर गुजराती समाज, श्री साई मंदिर समिति कसारडीह, खंडेलवाल समाज, अग्रवाल समाज, ब्राह्मण समाज, जैन समाज, मारवाड़ी समजा, महेश्वरी समाज सहित अन्य समाजों के प्रमुख पहुंच रहे हैं। मंदिर में स्वर्ण जयंती महोत्सव पर आज विशेष रूप से धुलिया महाराष्ट्र से आए पं. राजीव कृष्ण महाराज को प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। कथा वाचक श्याम देव शास्त्री वृंदावन ने कहा कि केवल ज्ञान ही एक ऐसा अक्षय तत्त्व है, जो कहीं भी किसी अवस्था और किसी भी काल में मनुष्य का साथ नहीं छोड़ता। उन्होंने कहा कि मन आपका है। आप इसे जहाँ चाहें लगाएं। चाहें तो इसे प्रभु भक्ति में समर्पित करे या चाहें तो विषय भोगों में लगा लें।

### छात्रावास अधीक्षक के लिए 15 सितंबर को परीक्षा, दुर्ग-भिलाई में 100 से ज्यादा केंद्र

**भिलाई।** व्यापम द्वारा छात्रावास अधीक्षक के 300 पदों पर भर्ती को लेकर 15 सितंबर को लिखित परीक्षा होगा। परीक्षा में शामिल होने के लिए 3 लाख से ज्यादा आवेदन आए हैं। परीक्षा को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई है। जानकारी के मुताबिक दुर्ग-भिलाई में ही 100 से ज्यादा केंद्र बनाए जाने की तैयारी की गई है। पूरे प्रदेश में 2 हजार से ज्यादा केंद्र बनाए जा रहे हैं। इसी तरह बिलासपुर, दुर्ग समेत कई अन्य जिले में भी केंद्र बनाए गए हैं। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग के तहत छात्रावास अधीक्षक की भर्ती होनी है। इसके लिए पिछले साल अक्टूबर में विज्ञापन जारी हुआ था। लेकिन आवेदन मार्च 2024 में मंगाए गए थे। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता बारहवीं पास थी। इसे लेकर जानकारों को अनुमान था कि तीन लाख से अधिक आवेदन आ सकते हैं। लेकिन अनुमान से दोगुना ज्यादा फार्म मिले। इस परीक्षा के लिए 32 जिला मुख्यालयों में दो हजार से अधिक केंद्र बनाए गए हैं।

#### परीक्षा 100 अंकों की, हर प्रश्न के लिए 1 नंबर

अधिकारियों ने बताया कि छात्रावास अधीक्षक भर्ती परीक्षा 100 अंकों के लिए होगी। इसके अनुसार भाग-अ में कंप्यूटर संबंधी सामान्य ज्ञान पर आधारित 30 अंकों के 30 सवाल पूछे जाएंगे। इसमें अभ्यर्थियों को 50 प्रतिशत नंबर यानी 15 नंबर प्राप्त करना जरूरी होगा। इसी तरह भाग-ब में हिंदी व्याकरण, अंग्रेजी, गणित, सामान्य ज्ञान, समसामयिक घटनाक्रम खेलकूद, देश-विदेश, छत्तीसगढ़ की सामान्य जानकारी व बाल मनोविज्ञान से सवाल आएंगे। इस तरह से कुल 100 प्रश्न पूछे जाएंगे।

### ट्विनसिटी में सजा विघ्नहर्ता का दरबार

#### दक्षिण गंगोत्री व्यापारी संघ



#### सब्जी मंडी का राजा



### सहज योग का आयोजन : दो दिवस गणेश पूजन, प्रदेशभर के साधक हुए शामिल

# राज्य स्तरीय श्री पूजा...देवी स्तुति, प्रार्थना ध्यान के साथ भजन-कीर्तन, झूमे भक्त

कार्नर न्यूज



भिलाई। सहज योग परिवार द्वारा राज्य स्तरीय दो दिवसीय पूजा श्री महोत्सव का आयोजन किया गया। आयोजन सेक्टर-6 स्थित अग्रसेन भवन में हुआ। इस अवसर पर गणेश पूजन का आयोजन किया गया। आयोजन में दुर्ग-भिलाई के अलावा प्रदेश के रायपुर, बिलासपुर, राजनांदगांव, जगदलपुर, रायगढ़ सहित अन्य जगहों के साधक भी शामिल हुए। आयोजन के पहले दिन सुबह सुबह 10 बजे कार्यशाला का आयोजन किया गया।



#### बच्चों ने की गणेश स्तुति, सांस्कृतिक कार्यक्रम दिए

इसके बाद शाम को 4 बजे से हवन-पूजन प्रारंभ हुआ। इसके बाद सहज योग पर देवी स्तुति, प्रार्थना और ध्यान के माध्यम से सामूहिक चेतना की अनुभूति का कार्यक्रम हुआ। शाम 7 बजे से रात 9 बजे तक सुंदर भजन एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसमें भगवान गणेश पर प्रदेशभर से आए बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई। इस दौरान भक्त झूमते नजर आए। समन्वयक उषा अग्रवाल ने बताया कि दो दिवसीय आयोजन में प्रदेश समन्वयक जयंत हलदर भी शामिल हुए। इस अवसर पर ब्रह्मलीन हो चुकीं माता निर्मला देवी की भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई।

#### माता निर्मला देवी श्रीचरणों की निकली पालकी

रविवार को आयोजन के दूसरे दिन सुबह 10 बजे माता निर्मला के श्रीचरणों की पालकी निकाली गई। इसमें राज्य के अलग अलग शहरों से आए सारे सहयोगियों द्वारा फूलों की बारिश की गई। झूमते, नाचते, गाते एवं जयकारा लगाते हुए साधक पूरे हर्षोल्लास के साथ भवन पहुंचे, जहां स्वागत भजन के साथ भवन में उपस्थित सहजयोगियों द्वारा बड़े ही आनन्द के साथ श्री माताजी के श्री चरणों की पालकी का स्वागत किया गया। इस अवसर पर बाल शक्ति के द्वारा श्री गणेश पूजा की गई। उनके द्वारा की पूजा की शुरुआत की गई। इसके बाद माता निर्मला देवी के स्वरूप की पूजा की गई। पूजा में 108 नाम लेकर आरती उतारी गई। पूजा के बच्चों द्वारा भोग आरती की गई। प्रदेश के सभी जिलों के समन्वयक, प्रदेश कमेटी के कमेटी मेम्बर एवं प्रदेश के अलग-अलग जिलों से आए सभी सहजयोगी सदस्य शामिल हुए। शाम के समय प्रसादी का भी कार्यक्रम हुआ।



## सिटी इवेंट

# रक्तदान शिविर में 43 यूनिट ब्लड किया गया डोनेट



**भिलाई।** नवदृष्टि फाउंडेशन दुर्ग और सखी महिला एवं युवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। गुजराती समाज सेक्टर-4 में यह शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में रक्तदाओं द्वारा 43 यूनिट रक्त कलेक्ट किया गया। शिविर में मुख्य रूप ब्लड बैंक के नोडल अधिकारी डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. पीयूष श्रीवास्तव, नर्सिंग आफिसर तरुणा रावत, काउंसलर टीएस एंथोनी, लैब इंचार्ज रूपेश सरपे, लैब टेक्नीशियन तीरथ यादव, दिनेश, हिमांशु चंद्राकर, अशोक मानिकपुरी, प्रशिक्षणार्थी वर्षा, प्राची, सुनील, मनोज, संस्थाओं के प्रतिनिधि प्रमुख रूप से मौजूद थे। डॉ. अग्रवाल ने बताया कि समाज और संस्था के प्रतिनिधियों की उल्लेखनीय भूमिका और सकारात्मक सहयोग रहा। सभी ने रक्तदाताओं को साधुवाद देकर उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।।

- **नवदृष्टि फाउंडेशन और सखी महिला एवं युवा मंडल का आयोजन**

## सिटी लाइव

# रीवा-बिलासपुर सुपरफास्ट को दुर्ग तक विस्तारित किया जाए

**दुर्ग।** बिलासपुर से रीवा चलने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन को दुर्ग तक विस्तारित किए जाने की मांग उठने लगी है। व्यापारिक संगठनों ने इसे लेकर पूर्व में राज्यसभा सांसद सरोज पांडेय को ज्ञापन सौंपा था। अब रेलवे के अधिकारियों और अन्य जनप्रतिनिधियों को ज्ञापन सौंपकर इस दिशा में प्रयास किए जाने की मांग की गई है। कैट के उपाध्यक्ष और कान्यकुब्ज वैश्य हलवाई भुंजवा भुर्जी समाज के सदस्य विनय कश्यप ने कहा कि ट्रेन को दुर्ग या गोंदिया तक विस्तारित किया जाना चाहिए। यह ट्रेन अधिक डिब्बों की संख्या के साथ आर्थिक एवं सुविधा पूर्ण रूप में अधिक लाभदायक सिद्ध होगी। सारनाथ जैसी अन्य गाड़ियों में जिसमें पिंड तर्पण आदि करने के लिए इलाहाबाद जाने वाले लोगों का दबाव बना रहता है। वेटिंग की स्थिति बनी रहती है। इस ट्रेन के माध्यम से सतना, कटनी तक जाने वाले यात्रियों की संख्या की पूर्ति हो सकेगी। इससे अन्य गाड़ियों में सहज सीट मिलना सुलभ हो जाएगा। रीवा से गोंदिया तक चलने में यह फायदा होगा कि यह ट्रेन तीन स्टेट (महाराष्ट्र छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश) को कवर करेगी। इस रूट के माध्यम से हम धार्मिक रूप से भी लोगों को डोंगरगढ़, रतनपुर एवं मैहर जैसे तीन शक्तिपीठ आने-जाने की यात्रा सुगम कर सकते हैं।



- **व्यापारिक संगठन ने रेलवे अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन**

## एजुकेशन इवेंट

# एमबीबीएस और बीडीएस में एडमिशन का आज से दूसरा राउंड

**भिलाई।** एमबीबीएस-बीडीएस में प्रवेश के लिए स्टेट कोटे के तहत पहले राउंड की काउंसिलिंग समाप्त हो गई है। इस राउंड में 1967 छात्रों को सीटें अलॉट की गई थीं। इनमें से 1602 छात्रों ने प्रवेश लिया है। राजधानी के पं. जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में 158 छात्रों के एडमिशन हुए हैं। काउंसिलिंग के दूसरे राउंड में छात्र 9 से 18 सितंबर च्वाइस फिलिंग कर सकेंगे। 23 सितंबर को आवंटन सूची जारी होगी। दस्तावेजों का सत्यापन 24 से 27 सितंबर तक होगा। जबकि 24 से 28 सितंबर तक प्रवेश होंगे। अक्टूबर में मापअप राउंड होगा। जानकारी के मुताबिक छत्तीसगढ़ में कुल 15 मेडिकल कॉलेज हैं। इनमें 10 सरकारी और 5 निजी कॉलेज हैं। जबकि छह डेंटल कॉलेज हैं। इसमें 1 शासकीय व 5 निजी कॉलेज हैं। पहले राउंड की स्टेट कोटे की काउंसिलिंग के लिए 8 अगस्त से 24 अगस्त तक फार्म भरे गए थे। मेरिट लिस्ट 27 अगस्त को जारी हुई। इस लिस्ट में 5738 छात्र शामिल थे। इसके अनुसार 1967 छात्रों की आवंटन लिस्ट जारी गई। इस लिस्ट में मेरिट के टॉप-10 में शामिल 7 छात्रों को पं. जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज रायपुर की सीट मिली थी। गौरतलब है कि इस बार नीट यूजी में छत्तीसगढ़ से कुल 43873 छात्र शामिल हुए थे। 22 हजार से अधिक क्वालिफाई हुए। पिछले वर्षों की तुलना में इस बार प्रदेश से नीट यूजी देने वाले और क्वालिफाई करने वालों की संख्या ज्यादा है।

- **पहले राउंड में 1967 सीटों का आवंटन, अब से च्वाइस फिलिंग**

### फॉरेस्ट गार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा 22 को

**भिलाई।** फॉरेस्ट गार्ड भर्ती के लिए व्यापमं से 22 सितंबर को लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी। इसके वे उम्मीदवार जो शारीरिक मापजोख एवं दक्षता परीक्षा में सफल हुए हैं, उन्हें 8 सितंबर रात 11.59 बजे पंजीयन और जिला चयन के लिए आवेदन करना होगा। इसके बगैर वे लिखित परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे। पिछले दिनों पंजीयन की प्रक्रिया शुरू हुई है। परीक्षा के लिए रायपुर व बिलासपुर में - परीक्षा केंद्र बनाए जाएंगे। इस संबंध में विस्तृत जानकारी सीजी व्यापमं की वेबसाइट पर दी गई है। जानकारी - मुताबिक वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के तहत यह भर्ती हो रही है।

### बीजेपी की सदस्यता अभियान को लेकर बैठक

**दुर्ग।** बीजेपी की सदस्यता अभियान को लेकर बैठक आयोजित की गई है। बैठक 9 सितंबर को दोपहर 1 बजे संगठन के जिला कार्यालय में होगी। बैठक में संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहेंगे। इस दौरान सदस्यता अभियान को लेकर बनाए गए सदस्यों के पंजीयन को लेकर चर्चा की जाएगी। बता दें कि पार्टी हाई कमान ने यह स्पष्ट कर दिया है कि केवल मिस्ड कॉल या पंजीयन करा लेने बस से पार्टी की सदस्यता नहीं मिलेगी। पंजीयन करने वाले आवेदकों का सत्यापन किया जाएगा। सत्यापन के आधार पर ही सदस्यता प्रदान की जाएगी।

---

● **पर्यूषण पर्व के अंतिम दिन जैन समाज के लोगों ने सालभर में हुई गलतियों की मांगी माफी**

# क्षमा पर्व हर समुदाय को मनाना चाहिए, इससे विनम्रता आती है, आप पाप से बचेंगे: सुमंगल

**दुर्ग।** दुर्ग पर्यूषण पर्व का रविवार को अंतिम दिन रहा। इसे सम्वतसरिक पर्व का स्वागत करते हुए मनाया गया। आनंद मधुकर भवन बांधा तालाब परिसर में सुबह 8 बजे धर्मसभा प्रारंभ हुई। यह दोपहर 1 एक बजे तक चली। आयोजित कार्यक्रम धर्म क्रियाओं के मध्य धार्मिक रीति-रिवाज एवं संस्कारों के साथ अनेक आराधनाएं हुईं। साध्वी श्री सुमंगल प्रभा का प्रवचन दान, लोग और क्षमा विषय पर केंद्रित रहा। धर्मसभा को साध्वी सु वृद्धि श्री, रजत प्रभा ने भी संबोधित किया। उन्होंने कई धार्मिक संस्कारों का पाठ करवाया। धर्म सभा को साध्वी सुमंगल प्रभा ने कहा कि क्षमा देना और क्षमता लेना मानव जीवन का एक बड़ा पुरुषार्थ है। इस पुरुषार्थ को विश्व के सभी समुदाय को मनाना चाहिए। क्षमा मांगने से मन के अंदर बंद गांठ खुलती है। क्षमा देने से और क्षमा लेने से हम अपने अंदर आत्मिक शांति का अनुभव होता है। क्षमा जो जीवन को हमेशा सदमार्ग की ओर ले जाता है, जो जितना क्षमावन होगा, उसके अंदर उतनी अधिक विनम्रता होगी। विनम्र व्यक्ति ही क्षमा दे सकता है और क्षमता ले सकता है। हमें अपने जीवन के अंदर इन गुणों को समाहित करने से हम कई पाप से बच जाते हैं।




### कार्यक्रम के दौरान तपस्वियों ने तपस्या का लिया संकल्प




धर्मसभा में अनेक तपस्वियों ने तपस्या का संकल्प लिया। आज मासक्षमण तपस्वी मोहित चौरडिया का श्रमण संघ परिवार में हुआ। उनका अभिनंदन किया गया। इसी तरह श्रमण संघ के मंत्री राकेश संचेती, आकाश पारख, विक्रम कोचर, विक्रम पारख, अंकिता गोठी के अलावा दो, तीन, पांच पांच उपवास के तपस्वियों ने भी धर्मसभा में तपस्या का संकल्प दोहराया। धर्म सभा का संचालन श्रवण संघ के पूर्व मंत्री टीकम छाजेड़ ने किया। श्रवण संघ के अध्यक्ष धर्मचंद लोढ़ा ने पर्यूषण पर्व के दौरान विभिन्न कार्यक्रमों में अपना समय समर्पण और सहयोग देने वाले सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

### 84 लाख जीव योनियों से की गई क्षमा याचना

शाम 6 बजे के बाद विभिन्न जैन धार्मिक सूत्रों के वाचन के साथ 84 लाख जीव योनियों से क्षमा याचना करते हुए सम्वतसरिक प्रतिक्रमण कर आपस में एक दूसरे से क्षमा याचना की। यह प्रतिक्रमण जवाहर चौक स्थित ओसवाल भवन दुर्ग में पुरुषों का तथा जय आनंद मधुकर रतन भवन बांदा तालाब दुर्ग में प्रतिक्रमण महिलाओं का होगा। देर शाम से इसकी शुरुआत की गई। इस दौरान सभी ने अपनी गलतियों की माफी मांगी। पुराने कटु व्यवहारों को त्यागने का संकल्प लिया।



## आयोजन

# आर्टकॉम संस्था द्वारा चलाया जा रहा अभियान, शांतिनगर में रोपे पौधे



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ की कला और पर्यावरण के प्रति समर्पित संस्था आर्टकॉम बरसात के 4 महीने अपनी संपूर्ण टीम के साथ वृक्षारोपण का कार्य कर पर्यावरण को संतुलित करने का कार्य करती है। इसी कड़ी में आज आर्टकॉम के सदस्यों ने आज शांति नगर, जीरो नंबर सड़क के शकुंतला अपार्टमेंट में वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर अपार्टमेंट के जानिसार अख्तर, प्रतिमा भट्टाचार्य, सोनाली बेनर्जी, असीम भट्टाचार्य, तारीख खान, ज्ञानेश्वर सिंह, राजन निगम, शिव चौधरी,अख़बर अली,उपस्थित थे, वही संस्था के करमजीत सिंह, शारदा गुप्ता,डॉ रमेश श्रीवास्तव, अमिताभ भट्टाचार्य, मदन सेन, गुरनाम सिंह श्रीनिवास मिश्रा,बंटी नाहर,सी पी सिंह,शुभम भाऊ, भास्कर तिवारी व रविंद्र देवांगन उपस्थित थे।

### शहर में रोपे 10 हजार से ज्यादा पौधे

अभियान के तहत इस वर्ष 10 हजार से ज्यादा पौधे रोपे गए। भिलाई के अलग-अलग हिस्सों में इसे लेकर अभियान चलाया गया। विशेष रूप से रविवार के दिन पौधारोपण अभियान चलाया गया। साथ ही लगाए गए पौधों को सहेजने का संकल्प लिया गया। वन विभाग के सहयोग से फलदार, छायादार और ज्यादा ऑक्सीजन छोड़ने वाले पौधे लगाए गए। आयोजकों ने बताया कि भविष्य में उनका यह अभियान जारी रहेगा।

### आंगन एक पेड़ अभियान का छठवां वर्ष

संस्था संचालक निशु पाण्डेय ने अधिक जानकारी देते हुये बताया कि हर आँगन एक पेड़ अभियान का यह छटवां वर्ष है। इस वर्ष के हम अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर हैं। इस अभियान के पश्चात संस्थाकाव्य मंचन, नाट्य मंचन व फ़िल्मि निर्माण के क्षेत्र में कार्य करेगी। जो व्यक्ति कला के क्षेत्र में कार्य करना चाहता हैं, संस्था संचालक निशु पाण्डेय ऐसे लोगों को प्रशिक्षण देने का कार्य करेंगे। इसे लेकर जल्द ही एक कार्ययोजना तैयार की जाएगी।

## कहार निषाद भोई समन्वय समिति

# दिल्ली में हुए सामाजिक सम्मेलन में दुर्ग के भी प्रतिनिधि हुए शामिल



**भिलाई।** अखिल भारतीय आदिवासी कश्यप कहार निषाद भोई समाज के तत्वावधान में दिल्ली में समन्वय समिति की बैठक और सामाजिक प्रतिनिधि सम्मलेन हुआ।

ताल कटोरा इंडोर स्टेडियम में हुए इस आयोजन में दुर्ग, भिलाई के प्रतिनिधि भी शामिल हुए। मछुआरा समाज से आने वाले केंद्रीय मंत्री डॉ. राज भूषण चौधरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि इस सम्मेलन में शामिल हुए। समाज के लोगों ने बताया कि संगठन एक गैर राजनीतिक एवं शुद्ध सामाजिक संगठनों का एक साझा मंच है। आपसी तालमेल एवं समझ के आधार पर सामूहिक विचार-विमर्श, निर्णय एवं तदनुसार कार्रवाई एवं गतिविधियां संचालित करता आ रहा है। अब तक 17 राष्ट्रीय अधिवेशनों, 3 जोनल अधिवेशनों और कई विशेष बैठकों का आयोजन किया जा चुका है, जो काफी सफल रहे हैं। समन्वय समिति के समस्त पदाधिकारीगण, महिला विंग और युवा विंग तथा देशभर के 29 राज्यों के 151 संगठनों के अध्यक्ष, महासचिव व कोषाध्यक्ष सम्मेलन में शामिल हुए। अध्यक्ष बाबा मार्तंड सिंह मांझी, कोमल निषाद, दुर्ग जिले से विरेन्द्र निषाद, अशोक निषाद सहित छत्तीसगढ़ से लगभग 200 से अधिक मछुआरा समाज के पदाधिकारी सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन में सामाजिक एकजुटता पर जोर दिया गया, साथ ही समय-समय जिला व राज्य स्तर पर बैठकें आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

**पूरे छत्तीसगढ़ से 200 से ज्यादा प्रतिनिधि पहुंचे**

## लायंस क्लब द्वारा शहर की प्रबुद्ध महिलाओं का किया गया सम्मान

# शिक्षक ही देश और समाज को मजबूत बनाते हैं, इसलिए उनका सम्मान आवश्यक: दीक्षित

**कार्नर न्यूज**

**भिलाई।** शिक्षक दिवस के अवसर पर होटल अमित पार्क इंटरनेशनल में शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। इसे लेकर लायंस क्लब द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भिलाई निगम के महापौर नीरज पाल की पत्नी ऋतु पाल थीं। इस अवसर पर शंकराचार्य मेडिकल कॉलेज की सिविल सर्जन शिक्षिका डॉ. वैशाली भगत, डॉ. रीना झा, शंकराचार्य महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अर्चना झा, महिला कॉलेज सेक्टर 9 की सेवानिवृत्त शिक्षिका मंजू अग्रवाल, मूक बधिर प्रयास शिक्षक प्रशिक्षक केंद्र की प्राचार्य प्रिया रस्तोगी, बीआईटी कॉलेज की प्रोफेसर डॉ. सुब्रता नागपाल, भिलाई पब्लिक स्कूल की प्राचार्य डॉ. प्रशी तिवारी, अंजना श्रीवास्तव, शेखर सिन्हा, सुषमा दुबे को सम्मानित किया गया।




### शिक्षिकाओं को प्रतीक चिन्ह देकर किया सम्मानित

लायन नीलिमा दीक्षित इस अवसर पर कहा कि शिक्षक ही समाज और देश को खड़ा करते हैं। इसलिए उनका सम्मान आवश्यक है। उन्होंने शिक्षकीय अनुभव साझा किया। शिक्षकों का परिचय दिया, उनकी योग्यता भी बताई कार्यक्रम में ममता टमोटिया एवं लायन ज्योति अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि लायंस क्लब भिलाई पिनाकल शिक्षक एवं शिक्षिका के आभारी है, जो उन्होंने हमें सम्मान करने का अवसर दिया। वाइस प्रेसिडेंट अंजना विनायक ने सभी शिक्षकों का परिचय कराया। मुख्य अतिथि ऋतु नीरज पाल जी एवं जीएसटी को-ऑर्डिनेटर चार्ट प्रेसिडेंट विभा भूटानी ने सभी शिक्षिकाओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

### लायंस द्वारा किए जा रहे कार्यों से कराया अवगत, आगामी योजना भी बताई

इस अवसर पर लायंस क्लब द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी गई। सदस्यों ने बताया कि लायंस लगातार समाजसेवी कार्यों में अग्रणी हैं। इस अवसर पर नम्रता चाने, सरिता राठौ, रेविका बेदी, अंजू अग्रवाल, क्लब प्रेसिडेंट उर्मिला टावरी, वाइस प्रेसिडेंट अंजना विनायक, सेक्रेटरी रश्मि गेडाम, कोषाध्यक्ष नंदिनी हिवसे, उषा चक्रवर्ती, शोभा डोगरा, हेमा दानी, शालिनी सोनी, विनिता राठौड़, ममता मुंदड़ा, शोभा जंभुलकर, अर्चना कांडे, प्रियंका गुप्ता सहित अन्य उपस्थित थे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### वन डे में छत्तीसगढ़ की जीत विकल्प ने लिए 6 विकेट



**रायपुर।** तमिलनाडु क्रिकेट एसोसियेशन की ओर से मेंस अंडर 19 त्रिकोणीय वन डे क्रिकेट अभ्यास मैच का आयोजन एक सितंबर से 10 सितंबर तक तिरुपुर में किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की टीम का चौथा मैच रविवार को तिरुपुर में झारखंड अंडर-19 टीम के विरुद्ध खेला गया। झारखंड ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया।छत्तीसगढ़ की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुये 50 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 255 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से प्रथम जाचक ने 68 रन तथा विकल्प तिवारी ने 65 रनों की पारी खेली तथा छत्तीसगढ़ को खराब शुरुआत से उबारा। झारखंड की ओर से तनिष ने 4 विकेट तथा वरुण ने 3 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी झारखंड अंडर 19 की टीम 35.4 ओवर में 152 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। झारखंड अंडर 19 की ओर से अमन ने सर्वाधिक 54 रनों का योगदान दिया। छत्तीसगढ अंडर 19 के गेंदबाजों ने शानदार गेंदबाजी करते हुये झारखंड को बडे स्कोर बनाने से रोका रखा तथा निरंतर अंतराल में विकेट लेते रहे। छत्तीसगढ़ की ओर से विकल्प तिवारी ने 6 विकेट रुद्र प्रताप ने 2 विकेट प्राप्त किये। छत्तीसगढ़ ने मैच 103 रनों से जीत लिया तथा प्रतियोगिता के फायनल में प्रवेश किया। फायनल मैच 10 सितंबर को तमिलनाडु के विरुद्ध खेला जाएगा।

### महासमुंद के क्रिकेटर तृपेश को मिली राष्ट्रीय कोच की उपाधि



**रायपुर।** जिला क्रिकेट संघ के सीनियर वर्ग के खिलाड़ी तृपेश साहू को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) ,नेताजी सुभाष चंद्र बोस राष्ट्रीय खेल संस्थान प टि या ला (एन.एस.एन.आई.एस) ने राष्ट्रीय कोच की उपाधि दी है। तृपेश ने लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षा मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ए- ग्रेड के साथ यह परीक्षा उत्तीर्ण कर ली। पूरे देश से 230 खिलाड़ियों का चयन हुआ था जिसमें छत्तीसगढ़ से तीन प्रतिभागी सम्मिलित थे। ट्रेनिंग के दौरान तृपेश को दल नायक भी चुना गया था। तृपेश को डॉ. प्रल्लभ दास गुप्ता के द्वारा एनआईएस कोच की उपाधि प्रदान की गई। ज्ञात हो कि तृपेश ने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत एक खिलाड़ी के रूप मे शबाब कुरैशी के मार्गदर्शन मे प्रारंभ किया। वे यूनिवर्सिटी की टीम मे लगातार पांच बार चुने गए जिसमे वे दो वर्ष उपकप्तान, एवं दो वर्ष विश्वविद्यालय टीम के कप्तान की जिम्मेदारी संभाले। पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले की स्पोर्ट एजुकेशन कंपनी मे क्रिकेट कोच के रूप मे तृपेश सेवा दे चुके है। जिसमे उनके प्रदर्शन को देखते हुए अनिल कुंबले के हाथो बेस्ट कोच का अवॉर्ड भी दिया गया। तृपेश वर्तमान मे रायपुर के श्री शंकरा सीनियर सेकेंडरी स्कूल मे शारीरिक शिक्षा के विभागाध्यक्ष के रूप मे कार्यरत है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके माता, पिता, कोच शबाब कुरैशी, रवि जैन, मो. कलीम खान एवं जिला क्रिकेट संघ के पदाधिकारी शशांक मोघे, विनोद शर्मा, सलीम कुरेशी एवं साथी खिलाड़ियों ने शुभकामनाएं दी है।

### हैदराबाद ने छत्तीसगढ़ के विरुद्ध बनाये 288 रन, गगन ने लिए 2 विकेट



**रायपुर।** तमिलनाडु क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा अखिल भारतीय बुची बाबू आमंत्रण क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें छत्तीसगढ़ की सीनियर टीम का फाइनल मैच (08 से 11 सितंबर) नाथम, तमिलनाडु में हैदराबाद के विरुद्ध खेला गया। हैदराबाद ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया और अपनी पहली पारी में 90 ओवरों में 6 विकेट खोकर 288 रन बनाए। हैदराबाद की ओर से अभिरथ ने 85 तथा रोहित रायडू ने 74 रन बनाये। छत्तीसगढ़ की ओर से गगनदीप सिंह तथा शशांक तिवारी ने 2-2 विकेट तथा जिवेश भुटे ने 1 विकेट हासिल किये।



### राज्य बॉल बैडमिंटन में बिलासपुर ने किया जीत से आगाज

**रायपुर।** 24 वी राज्य स्तरीय सब जूनियर बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता 6 से 8 सितंबर तक धमतरी में आयोजित की गई। जिसमें बिलासपुर की बालक और बालिका टीम ने हिस्सा लिया। बालिका वर्ग में हुए पहले मुकाबले में बिलासपुर ने रायगढ़ की टीम को एकतरफा मुकाबले में 35-17 और 35-14 से लगातार 2 सेटों में हराकर शानदार जीत दर्ज की। बालक वर्ग में बिलासपुर ने महासमुंद को 35 – 23 और 35-21 से हराकर पहली जीत दर्ज की। बालिका वर्ग में आकांक्षा ध्रुव, नैंसी ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया और बालक वर्ग में लियान टोप्पो, किशन आयुष, दीपांशु का प्रदर्शन शानदार रहा।

---

#### हृदयरोग का खतरा कम करने बदलिए खान-पान

# दिल को बचाना है तो कमी न होने दें इन विटामिन की, आहार में कीजिए शामिल

हृदय रोग दुनियाभर में मृत्यु के प्रमुख कारणों में से एक हैं, जिसका जोखिम भी पिछले कुछ वर्षों में तेजी से बढ़ता हुआ देखा गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञ कहते हैं, सभी उम्र के लोगों को हृदय की सेहत को लेकर अलर्ट रहने की आवश्यकता है। हालिया रिपोर्ट्स के मुताबिक कम उम्र के लोगों में भी हृदय रोग और हार्ट अटैक के मामले देखे जा रहे हैं, जो निश्चित ही बड़े जोखिम की तरफ संकेत है। लाइफस्टाइल और आहार में गड़बड़ी के कारण हृदय की सेहत पर सबसे ज्यादा असर हो रहा है, कम उम्र से ही सभी लोगों को इसपर ध्यान देते रहने की आवश्यकता है। अध्ययनों में पाया गया है कि आहार में गड़बड़ी के कारण हृदय रोग का जोखिम सबसे अधिक हो सकता है, शरीर में कुछ विटामिन्स और पोषक तत्वों की कमी के कारण भी इस रोग का खतरा बढ़ सकता है। हृदय रोगों के बढ़ते वैश्विक जोखिमों को लेकर लोगों को अलर्ट करने और बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक करने के लिए हर साल 29 सितंबर को वर्ल्ड हार्ट डे मनाया जाता है। आइए जानते हैं कि किन विटामिन्स की कमी हृदय के लिए नुकसानदायक हो सकती है, जिसे आहार के माध्यम से प्राप्त करना बहुत आवश्यक है?



### हृदय को स्वस्थ रखने के लिए क्या करें?


हार्वर्ड टीएच चेन स्कूल ऑफ पब्लिक हेल्थ के विशेषज्ञों ने बताया, हृदय रोग की रोकथाम के लिए सबसे जरूरी है कि आहार की पौष्टिकता का ध्यान रखा जाए। आहार में फलों और सब्जियों, साबुत अनाज, नट्स, मछली, पोल्ट्री जैसी चीजों को सेहत के लिए काफी लाभकारी पाया गया है। हृदय को स्वस्थ रखने के लिए क्या खाना चाहिए, उससे ज्यादा जरूरी है कि किन चीजों का सेवन नहीं या कम किया जाना चाहिए। रेड और प्रोसेस्ड मीट, कार्बोहाइड्रेट, एडेड शुगर, सोडियम वाले खाद्य पदार्थ आपकी सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकते हैं।

### विटामिन-डी की कमी हो सकती है समस्याकारक

अध्ययनों से पता चलता है कि जिन लोगों में विटामिन-डी की कमी होती है उनमें दिल के दौरे, कंजेस्टिव हार्ट फेलियर, परिफेरल आर्टरी डिजीज और स्ट्रोक जैसी समस्याओं के विकसित होने का जोखिम अधिक हो सकती है। ये स्थिति उच्च रक्तचाप और मधुमेह के खतरे को भी बढ़ाने वाली हो सकती है जिससे हृदय की सेहत पर नकारात्मक असर हो सकता है। आहार में विटामिन-डी की पर्याप्त मात्रा सुनिश्चित किया जाना जरूरी है।

### विटामिन बी-12 पर भी ध्यान देना जरूरी

विटामिन डी की ही तरह शोधकर्ताओं ने पाया कि हृदय को स्वस्थ रखने के लिए विटामिन बी12 भी जरूरी है। इस विटामिन की कमी कोरोनरी डिजीज, मायोकार्डियल इंफ्रक्शन, स्ट्रोक और अन्य संचार संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं के खतरे को बढ़ाने वाली हो सकती है। विटामिन बी-12 की कमी शरीर में कई और भी प्रकार के जोखिमों का कारक हो सकती है, आहार में इस विटामिन वाली चीजों को जरूर शामिल किया जाना चाहिए।



**फोलेट की कमी** शोध से पता चला है कि शरीर में फोलेट की कमी से हृदय रोग (सीवीडी) का खतरा बढ़ सकती है। सीवीडी, हृदय या रक्त वाहिकाओं की बीमारियों को संदर्भित करती है। फोलेट की कमी की स्थिति में शरीर में आयरन की मात्रा कम होने लगती है जिसके कारण भी आपको कई प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

## पराठा खाकर बढ़ेगा नहीं बल्कि कम होगा वजन, इन टिप्स को करें फॉलो



जब भी हम वजन घटाने की कोशिश करते हैं, तो लोग हमें कई राय देते हैं। वेट लॉस के लिए क्या खाना चाहिए और क्या खाना छोड़ देना चाहिए, इस बारे में आपको बेशक बहुत जानकारी मिल जाएंगी लेकिन किसी भी जानकारी या टिप पर गौर करने से पहले आपको एक्सपर्ट की सलाह जरूर लेनी चाहिए। अक्सर वेट लॉस के लिए लोग घर के बने पराठों को पूरी तरह छोड़ देते हैं और फैंसी डाइट को फॉलो करने में लग जाते हैं। उनका ऐसा मानना होता है कि पराठा खाने से वजन बढ़ता है लेकिन क्या वाकई ऐसा है? क्या वाकई पराठा खाने से आपका वजन बढ़ सकता है, इस बार में एक्सपर्ट से जानते हैं। यह जानकारी डाइटिशियन और न्यूट्रिशनिस्ट सिमरन कौर दे रही हैं।

### वजन कम करने के लिए ऐसे खाएं पराठा

एक्सपर्ट की मानें तो वजन घटाने के लिए पराठे को छोड़ना सही नहीं है। अगर आप इसे सही तरीके से बनाकर, सही मात्रा में सही समय पर खाती हैं, तो इससे वजन नहीं बढ़ेगा। पराठा बनाने के लिए अगर आप खूब सारे तेल का इस्तेमाल करती हैं, तो इससे बेशक वजन बढ़ सकता है। इसलिए पराठा रिफाइंड ऑयल में नहीं, बल्कि देसी घी या फिर रीजनल ऑयल में बनाएं और इसे भी अधिक मात्रा में न लगाएं। पराठे में आलू की स्टफिंग भरने के बजाय पनीर, टोफू और गोभी जैसी हेल्दी स्टफिंग ट्राई करें। इससे शरीर को प्रोटीन भी मिलेगा और वजन भी नहीं बढ़ेगा। पराठे को हमेशा लंच या ब्रेकफास्ट में खाएं। डिनर में पराठा अवॉइड करें क्योंकि इसमें रोटी से ज्यादा कैलोरी होती हैं। पराठे के साथ चटनी या फिर दही खाएं। इससे मील बैलेंस होता है।

### वेट लॉस करने के लिए एक्सपर्ट की सलाह

एक्सपर्ट के मुताबिकस वेट लॉस के लिए सिर्फ पराठा नहीं, बल्कि आप घर का बना कोई और खाना भी खा सकते हैं। घर के बने खाने से आमतौर पर वजन नहीं बढ़ता है। वेट गेन के पीछे पूरा कैलोरी इनटेक, लाइफस्टाइल और भी कई सारे फैक्टर होते हैं। ऐसे में बैलेंस मील लेने की कोशिश करें और लाइफस्टाइल को भी हेल्दी बनाएं।

## पाना चाहते हैं मनचाहा जीवनसाथी तो सोमवार के दिन करें ये उपाय



देवों के देव महादेव को बहुत दयालु माना जाता है। कहा जाता है कि शिवलिंग पर सिर्फ एक लोटा जल चढ़ाने से ही महादेव प्रसन्न हो जाते हैं और अपने भक्तों की सभी मनोकामनाओं को पूर्ण करते हैं। शिव जी को प्रसन्न करने और उनकी कृपा पाने के लिए सोमवार का दिन सबसे उत्तम माना जाता है। इस दिन शिव जी के भक्त व्रत रखते हैं और विधि-विधान से पूजा करते हैं। कुंवारी लड़कियां भी मनचाहा जीवनसाथी पाने के लिए सोमवार के दिन व्रत रखती हैं। ज्योतिष शास्त्र में शिव जी से जुड़े ऐसे कई उपाय बताए गए हैं, जिससे न केवल मनचाहा जीवनसाथी मिलता है बल्कि हर मनोकामना भी पूरी होती है।

### शिवलिंग पर चढ़ाएं केसर मिश्रित दूध


यदि आपके विवाह में देरी हो रही है तो सोमवार के दिन शिवलिंग पर केसर मिश्रित जल चढ़ाएं। इससे शिव जी प्रसन्न होते हैं और जल्द ही शुभ शादी के योग बनने लगते हैं।

### मनचाहा जीवनसाथी पाने के लिए उपाय

यदि आप मनचाहा जीवन साथी पाना चाहते हैं तो गोस्वामी तुलसीदास जी द्वारा रचित रामचरितमानस में शिव-पार्वती विवाह के प्रसंग को सोमवार के दिन पढ़ें। साथ ही शिव जी से अच्छे जीवन साथी की कामना करें। ऐसा करने से शिव जी प्रसन्न होकर जल्द आपकी मनोकामना पूरी करंगे।

### शिवलिंग का करें रुद्राभिषेक

सोमवार के दिन शिव जी के मंदिर में जाकर पांच फलों के रस से शिवलिंग का अभिषेक करें। मान्यता है कि इससे न केवल जल्द विवाह के योग बनते हैं, बल्कि आपके ऊपर आने वाले संकट भी आपसे दूर हो जाते हैं।



## पहली बार करने जा रहें योगासन तो भूल से भी न करें ये गलतियां

योग सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। मानसिक और शारीरिक सेहत को बनाए रखने के लिए योगासन का नियमित अभ्यास करना चाहिए। योगाभ्यास हर उम्र के लोगों के लिए लाभकारी है। किसी भी तरह की बीमारी हो, योग से राहत दिलाती है। योग के महत्व को समझते हुए लोग आजकल यूट्यूब या ऑनलाइन वीडियो देखकर योगाभ्यास करने लगे हैं। लेकिन अगर आप पहली बार योगासन करने जा रहे हैं तो कुछ बातों को ध्यान में रखने की जरूरत है। योगाभ्यास करते समय कुछ बेसिक गलतियों के कारण योग का असर उल्टा पड़ सकता है। योग करते समय कुछ छोटी छोटी गलतियों से बचना चाहिए। इसलिए पहली बार योग करते समय इन बातों का खास ख्याल रखें।

### श्वास का ख्याल रखें

योग में श्वास की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पहली बार योगासन करने वाले लोग अगर किसी प्रशिक्षक के मार्गदर्शन के बिना योगासन कर रहे हैं तो उन्हें ध्यान रखना चाहिए कि आसन करते समय कभी भी मुंह से सांस न लें। आसन में कब श्वास लेनी है और कब श्वास छोड़नी है, इसका भी पता होना चाहिए।

### खाली पेट करें योग

पहली बार योग करने जा रहे हैं तो आपको ये पता होना चाहिए कि योग खाली पेट किया जाता है। नाश्ता या खाना खाने के बाद योगासन न करें। अगर सुबह योग करने का समय नहीं मिल पाता है तो ध्यान रखें कि जब भी योग करें,



उससे कम से कम 3 घंटे पहले तक कुछ न खाया हो। वहीं योगासन करने के तुरंत बाद खाना मत खाएं। बल्कि शरीर को थोड़ा आराम दें फिर भोजन करें।

### योग के लिए कपड़े

योग करते समय आपको आरामदायक कपड़े पहनने चाहिए। टाइट कपड़े पहनने से शरीर की मांसपेशियों में खिंचाव व ऐंठन होने के दौरान कपड़े फटने का डर रहत है। वहीं तंग कपड़ों के कारण आप एकाग्रता के साथ योग पर ध्यान नहीं लगा पाते।

### वार्म अप करें

योग या वर्कआउट करने से पहले वार्म अप करना चाहिए। पहली बार योग कर रहे हैं तो आपको इस बात की जानकारी होनी चाहिए कि सीधे मैट पर बैठ कर आसन की मुद्रा नहीं लेनी है, बल्कि शरीर को सक्रिय करने के लिए पहले वार्म अप करना है।

### मुश्किल और गलत योग न करें

पहली बार योग करने जा रहे हैं तो साधारण और बेसिक योगासनों से शुरुआत करें। मुश्किल योगासन न करें, इससे आपको चोट लगने का खतरा भी हो सकता है। वहीं सही से जानें कि किसी योगाभ्यास के लिए सही आसन क्या है। गलत मुद्रा में न बैठें।



---

**कार्नर न्यूज**

#### संपत्ति के मामले में अतिरिक्त सावधानी बरतना बेहतर

# अपने घर को रेंट पर देने से पहले इन वास्तु टिप्स का रखें ध्यान, मिलेगा सुकून

शहरी क्षेत्रों में मकान किराए पर देना बेहद आम बात है। ऐसे कई लोग होते हैं, जिनके पास अतिरिक्त प्रापर्टीज होती हैं। ऐसे में वे उसे किराए पर देना पसंद करते हैं, जिससे उनकी कुछ अतिरिक्त कमाई हो सके। साथ ही साथ, उनकी प्रापर्टी की देख-रेख करने वाला भी कोई हो। यकीनन यह एक बेहद अच्छा विचार है। कई बार यह देखने में आता है कि किराए पर रहने के लिए जो भी व्यक्ति आता है, वह जल्द ही घर खाली कर देता है या फिर वह समय से किराया देने में समर्थ नहीं हो पाता है। ऐसा कई बार कुछ वास्तु दोष के कारण भी हो सकता है। लेकिन इससे मकान मालिक और किराएदार दोनों को ही परेशानी का सामना करना पड़ता है। आपके साथ यह समस्या ना हो, इसके लिए जरूरी है कि आप वास्तु के कुछ छोटे-छोटे नियमों को अपनाएं।



### मुख्य द्वार पर दें ध्यान

किसी भी घर में पॉजिटिविटी मेन गेट से ही आती है, इसलिए उस पर खासतौर पर ध्यान दिया जाना चाहिए। हमेशा कोशिश करें कि आपके घर का मुख्य द्वार सुंदर हो। आप उस पर समय-समय पर पॉलिश या पेंट जरूर करवाते रहें। इसके अलावा, मुख्य द्वार पर बन्दनवार भी लगाई जा सकती है। इससे घर में पॉजिटिविटी आती है और किराएदार व मकान मालिक के बीच के आपसी रिश्ते मधुर रहते हैं।

### करवाते रहें मेंटेनेंस


कई बार ऐसा होता है कि मकान मालिक अपने घर में पुरानी व टूटी-फूटी चीजें (घर की इन 4 चीजों को कभी न रखें खाली) एक तरफ रख देते हैं। उन्हें लगता है कि घर किराए पर देना है तो इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। जब आप अपने घर को किराए पर दे रहे हैं तो ऐसे में पुरानी व टूट-फूटी किसी चीज को वहां पर नहीं रखना चाहिए। इसके अलावा, अगर घर में कोई चीज टूटी या बेकार हो चुकी है तो उसे तुरंत रिपेयर करवा दें। अन्यथा इससे घर में नेगेटिविटी फैलने लगती है और इससे किराएदार को आर्थिक हानि भी हो सकती हैं।

### चेक करें पानी के नल

जब आप अपना घर किराए पर दे रहे हैं तो उससे पहले आपको बाथरूम व सभी पानी के नल जरूर चेक करने चाहिए। हमेशा यह सुनिश्चित करें कि आप जिस घर को किराए पर दे रहे हैं, उसमें पानी के नल लीक ना करते हों। अगर ऐसा होता है तो इससे किराएदार का ना केवल मन बैचेन रहता है, बल्कि उसे पैसों का नुकसान भी उठाना पड़ सकता है। इतना ही नहीं, उसे बिजनेस या व्यापार में घाटा (व्यापार में आ रही बाधाओं के लिए ज्योतिष उपाय) हो सकता है या फिर उसकी नौकरी भी जा सकती है।

### अगर अपना घर दें किराए पर

कई बार ऐसा होता है कि लोग जिस घर में रहते हैं, उसी का कोई एक हिस्सा किराए पर देते हैं। अगर आप भी अपने घर के किसी पोर्शन को किराए पर दे रहे हैं तो इस बात का ध्यान रखें कि आप साउथ वेस्ट का हिस्सा अपने पास ही रखें। इसे कभी भी भूल से भी किराएदार को नहीं देना चाहिए, अन्यथा इससे उसके मालिक बनने के चांसेस काफी बढ़ जाते हैं।



## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में फलस्तीन समर्थकों ने लगाए 'नरसंहार बंद करो' के नारे




टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टिफ) की शुरुआत में इस्राइल-हमास युद्ध ने सुर्खियां बटोरीं। कार्यक्रम में फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने विरोधन प्रदर्शन करते हुए 'नरसंहार बंद करो' के नारे लगाए। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टिफ) की शुरुआत में इस्राइल-हमास युद्ध ने सुर्खियां बटोरीं। दरअसल, जैसे ही उद्घाटन समारोह का आगाज हुआ वैसे ही फलस्तीन समर्थक प्रदर्शनकारियों ने प्रिंसेस ऑफ वेल्स थिएटर के अंदर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इससे महोत्सव के सीईओ कैमरन बेली के भाषण में बाधा आई और प्रायोजक रॉयल बैंक ऑफ कनाडा (आरबीसी) से गाजा पर इस्राइल के हमलों के लिए धन न देने का आह्वान किया गया। विरोध प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने 'नरसंहार बंद करो' के नारे लगाए। इस नारे से चार मिनट तक समारोह स्थल गूंजता रहा। प्रदर्शन शुरू होने पर कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो भी वहां मौजूद थे। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, आतंकवादी समूह हमास के 7 अक्तूबर के हमले के बाद गाजा पर इस्राइल के हमले से पिछले महीने तक 40,000 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं। विरोध तब हुआ जब अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने एक अपडेट दिया कि बिडेन प्रशासन कतर और मिस्र के साथ अगले कुछ दिनों में इस्राइल और हमास को पेश करने के लिए एक नए संघर्ष विराम प्रस्ताव पर काम कर रहा है, जिसमें कहा गया है कि 90 प्रतिशत समझौता पर सहमति हो गई है। टीआईएफएफ समारोह डेविड गॉर्डन ग्रीन की नटक्रैकर्स की ओपनिंग नाइट स्क्रीनिंग से पहले हुआ, जिसमें बेन स्टिलर ने एक वर्कहॉलिक की भूमिका निभाई, जो अपने हाल ही में अनाथ हुए भतीजों की देखभाल के लिए ग्रामीण ओहियो की यात्रा करता है। टोरंटो इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल (टिफ) की बात करें तो यह 5 से 15 सितंबर तक जारी रहने वाला है। अगले 10 दिनों में, रॉन हॉवर्ड की सर्वाइवल थ्रिलर 'ईडन', एमी एडम्स के साथ मैरिएल हेलर की हॉरर कॉमेडी 'नाइटबिच', एंड्रयू गारफील्ड और फ्लोरेंस पुघ अभिनीत एनिमेटेड 'द वाइल्ड रोबोट' और जॉन क्रॉली की 'वी लिव इन टाइम' जैसी फिल्में कनाडाई दर्शकों के लिए प्रदर्शित की जाएंगी।

### टॉलीवुड

## 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' ने पार किया 50 करोड़ रुपये का आंकड़ा



साउथ सुपरस्टार विजय की फिल्म 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' उर्फ 'द गोट' आखिरकार सिनेमाघरों में बीते दिन यानी 5 सितंबरको रिलीज हो चुकी है। 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर बंपर ओपनिंग की थी। पहले दिन की कमाई के साथ 'द गोट' इस साल की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली पहली तमिल फिल्म भी बन गई। 'द गोट' ने पहले दिन 44 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। दूसरे दिन की कमाई हैरान करने वाली है। शुरुआती आंकड़ों के अनुसार, फिल्म ने दूसरे दिन 15.87 करोड़ रुपये की कमाई की। इस कमाई के आंकड़े के साथ विजय को झटका लगा है।इस फिल्म के जरिए निर्देशक वेंकट प्रभु और विजय ने पहली बार साथ काम किया है। 'द गोट' विजय की 68वीं फिल्म है। यह फिल्म एजीएस एंटरटेनमेंट प्रोडक्शन के बैनर तले बनी है। युवान शंकर राजा ने गाने और मूल स्कोर की रचना की है। सिद्धार्थ नूनी फोटोग्राफी के निर्देशक हैं। वेंकट राजन ने संपादन का काम संभाला है। वहीं कलाकारों में विजय के अलावा माइक मोहन, प्रशांत, प्रभु देवा, स्नेहा, लैला, जयराम, मीनाक्षी चौधरी और योगी बाबू जैसे कलाकारों की टोली भी शामिल है। फिल्म में वेंकट प्रभु के भाई प्रेमगी, वैभव, अरविंद आकाश और अजय राज भी हैं।

### छॉलीवुड

## हंसाने के साथ सामाजिक संदेश भी देगी 'मामा नंबर वन'



छत्तीसगढ़ी फिल्म 'मामा नंबर वन' का मुहूर्त दुर्ग में हुआ। फिल्म के निर्माता नीलकंठ देवांगन, निर्देशक एवं कहानीकार लेखक धज्जू भोगा,लीड हीरो पवन गांधी और राजा राव है। फिल्म की पूरी शूटिंग बहुत ही जल्द दुर्ग और बालोद जिले में होगी। यह विशुद्ध पारिवारिक फिल्म होगी जो कि दर्शकों को हंसाने- रुलाने के साथ सामाजिक संदेश और सुपरहिट गीतों से सजी होगी।इस फिल्म के मुहूर्त के दौरान उर्वशी साहू, नकुल महलवार, विकास यादव, शन्नो खान और विनायक अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे। फिल्म में अहम किरदार निभाने जा रहे पवन गांधी का कहना यह है कि उन्हें इस फिल्म से बेहद उम्मीदें है। अभिनेता राजा राव का कहना है कि फिल्म लगन की भूमिका को देखते हुए उन्हें इस फिल्म में लिया गया है।

लाइफ स्टाइल



### फैशन के रंग

न्यूयॉर्क मॉडेस्ट फैशन शो में डिजाइनर जैक्स ला ग्रेंज का कलेक्शन पेश करते हुए मॉडल अलग-अलग रंग में नजर आईं। यहां बिल्कुल नए रुझान प्रदर्शित किए गए। यहां उत्तरी अमेरिका के प्रतिभाशाली डिजाइनर मारकाह ने पूरे उद्योग पर मॉडेस्ट फैशन के प्रभाव पर चर्चा करने के लिए एक मंच भी प्रदान किया, जिसमें एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय फैशन अभियान के दौरान हिजाब पहनने वाली पहली मॉडल मारिया इद्रिसी,सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म मुस्लिमगर्ल डॉट कॉम की संस्थापक अमानी अल-खतहतबेह के साथ प्रसिद्ध फैशन लेखिका ईला मेल और सऊदी डिजाइनर अरवा अल अम्मारी शामिल थीं।

# ऐसे हटाएं कपड़े पर लगा हल्दी का दाग

अगर खाना खाते या बनाते वक्त कपड़े पर हल्दी का दाग लग गया है, तो आपको परेशान होने की जरूरत नहीं है। आप दाग को हटाने के लिए घरेलू नुस्खे आजमा सकती हैं। आप हल्दी के दाग से छुटकारा पाने के लिए अमोनिया पाउडर का इस्तेमाल कर सकती हैं। अमोनिया पाउडर घर और कपड़ों की सफाई के लिए एक असरदार पाउडर है।

सबसे पहले एक बाउल में 2-3 चमच अमोनिया पाउडर डालें। अब इसमें आधा कप सिरका डालें। दोनों चीजों को मिक्स कर लें। आप इस पेस्ट का इस्तेमाल दाग को हटाने के लिए कर सकती हैं। दाग वाली जगह पर इस पेस्ट को लगाएं और टूथब्रश की मदद से दाग को अच्छे से रगड़ लें। करीब 5 मिनट तक रब करने के बाद दाग वाली जगह को पानी से साफ कर लें। अमोनिया पाउडर के एक इस्तेमाल से ही दाग है जाएगा। अगर ऐसा नहीं होता है, तो इस प्रक्रिया को दोबारा दोहराएं। यह पाउडर क्लीनिंग के काम आता है। दाग से लेकर सफेद कपड़े के पीलेपन को साफ करने के लिए अमोनिया पाउडर फायदेमंद है।



## दिखना है कुछ खास तो रखें ऐसे आउटफिट



फैशन

हर महिला चाहती है कि वो खास मौकों पर सबसे खूबसूरत और सबसे स्टाइलिश दिखे। ऐसे में महिलाएं अपने लिए आउटफिट का चयन करने में बड़ी सावधानी बरतती हैं। अगर आप खास मौकों पर स्टाइलिश दिखना चाहती हैं तो लाल रंग के इन आउटफिट को अपने कलेक्शन में शामिल कर लें। यह ऐसे आउटफिट हैं, जो आपको खूबसूरत दिखाने में मदद करेंगे।



**प्लाजो कुर्ता:** इस तरह का लाल रंग का प्लाजो कुर्ता आप चाहें तो ऑनलाइन खरीद लें। वैसे ऐसा कुर्ता आप आसानी से कपड़ा लेकर सिलवा सकती हैं। अगर आप इसे सिलवाएंगी तो इसका डिजाइन अपनी पसंद के हिसाब से बनवा सकती हैं।

**शरारा:** इस तरह का शरारा सूट खास मौकों के लिए एक बेहतर विकल्प है। वेल्वेट फैब्रिक में ऐसा शरारा देखने में काफी क्लासी लगता है।

**साड़ी:** साड़ी तो कुछ खास मौकों के लिए सबसे बेहतर विकल्प मानी जाती है। आप इस तरह की साड़ी लेकर उसका ब्लाउज तैयार करवा सकती हैं। अगर आप साड़ी खरीदेंगी तो इसका दोबारा इस्तेमाल भी कर सकती हैं।




**पटियाला सूट :** अगर आप कुछ ऐसा पहनने का सोच रही हैं जो काफी कंफर्टेबल हो तो पटियाला सूट आपके लिए एक बेहतर च्वाइस है। ये देखने में भी कमाल का लगता है।

# बासी रोटी दे सकती है आपको दमकती त्वचा

दमकती त्वचा के लिए लोग ना जाने क्या-क्या घरेलू उपाय करते हैं। बाजारों में कई तरह के प्रोडक्ट उपलब्ध हैं, जो स्किन के जुड़ी परेशानियों से राहत दिलाते हैं। इनका इस्तेमाल करना आसान भी होता है, पर क्या आप जानते हैं कि आप बासी रोटी का इस्तेमाल करके भी दमकती हुई त्वचा पा सकते हैं।

इस पैक को तैयार करने के लिए सबसे पहले रात की बची हुई रोटी के छोटे-छोटे टुकड़े करके इसे अच्छे से पीस लें। इसके बाद इसमें दो से चार चम्मच कच्चा दूध और दो चम्मच ही शहद मिलाएं। अब इस पेस्ट को चेहरे पर अच्छे से लगा लें। इस पेस्ट से आपको चेहरे पर हल्की मसाज करनी है। ये एक अच्छा फेस स्क्रब बन सकता है।मसाज के बाद तकरीबन 20 मिनट के लिए इसे ऐसे ही छोड़ दें। अब साफ पानी से चेहरे को साफ करें। आप हफ्ते में तीन बार आसानी से इसका इस्तेमाल कर सकते हैं।

इस पैक को इस्तेमाल करने से पहले इसके फायदे के बारे में जान लें। बासी रोटी का पैक चेहरे के बंद पोर्स को खोलने का काम करता है। इससे चेहरे की डीप क्लीनिंग भी हो जाती है।



इसके साथ ही शहद त्वचा को नमी प्रदान करने का काम करता है। इससे बदलते मौसम में भी त्वचा में नमी बरकरार रहती है। अगर बात करें कच्चे दूध की तो पैक में इसके इस्तेमाल से त्वचा काफी मुलायम हो जाती है।

## महंगे फेस सीरम को छोड़ घर पर तैयार करें ब्यूटी प्रोडक्ट, चेहरे की कई परेशानियों से मिलेगी राहत

हर कोई ये चाहता है कि बदलते मौसम में भी उनकी त्वचा हमेशा खिली-खिली रहे। इसके चलते त्वचा का खास ध्यान रखना बेहद जरूरी हो जाता है। अगर इस बदलते मौसम में त्वचा का सही से ध्यान नहीं रखा जाए तो इसका असर आपके चेहरे पर दिखाई देने लगता है। चेहरे पर कई तरह के दाग-धब्बे और पिंपल्स दिखने लगते हैं। इन सभी चीजों से छुटकारा पाने के लिए लोग अक्सर बाजार में मिलने वाले फेस सीरम का इस्तेमाल करते हैं।

वैसे तो ये फेस सीरम स्किन को कई तरह के लाभ पहुंचाते हैं लेकिन बहुत से लोगों को ये सूट नहीं करते। जिस वजह से उनके चेहरे पर कई तरह की परेशानियां सामने आती रहती हैं। लोग इसी वजह से केमिकल बेस्ड सीरम इस्तेमाल करने से डरते हैं।

घर पर फेस सीरम बनाने के लिए सबसे पहले आधा बीटरूट यानी चुकंदर लें और उसका छिलका निकाल कर उसे कद्दूकस कर लें। इसके बाद गाजर का भी छिलका निकाल कर इसे कद्दूकस कर लें। अब एक कटोरी लें और इसमें चुकंदर और गाजर को बराबर मात्रा में लेकर मिला लें।



इसके बाद खुशबू के लिए इसमें गुड़हल की पत्तियां डालें। अब इस मिश्रण के बराबर मात्रा में बादाम का तेल मिला लें। इसके बाद इसे आप चाहें तो इसे एक सप्ताह तक तेज धूप में रखें।

अगर आपको ये तुरंत तैयार करना है तो एक कड़ाही में आधा कप पानी डालें। इसके बाद इसके बीच में एक कपड़ा तय करके रख दें। इसके बाद कपड़े पर कटोरी में रखे मिश्रण को चम्मच से हिलाते रहें।

कुछ समय बाद जब तेल का रंग गहरा हो जाए तो इसे एक कंटेनर में रख दें। बस आपका सीरम तैयार है।

कार्नर न्यूज

### आजकल टिश्यू साड़ी काफी चलन में है

# रॉयल लुक पाने के लिए करें टिश्यू साड़ी को स्टाइल, लोग करेंगे दिल से तारीफ

*साड़ी को स्टाइल करने के कई तरीके होते हैं, लेकिन अगर आप रॉयल लुक की बात करें तो इसके लिए आपको साड़ी के कलर से लेकर डिजाइन तक के लिए काफी चीजें सोचविचार करनी पड़ती है। वहीं त्यौहारों पर महिलाएं साड़ी पहनना पसंद करती हैं। रॉयल लुक पाने के लिए आजकल टिश्यू साड़ी काफी चलन में है। आपको टिश्यू साड़ी के कुछ आकर्षक डिजाइंस और इन्हें स्टाइल करने के कुछ खास टिप्स जरूर जानना चाहिए।*



### गोल्डन कलर टिश्यू साड़ी

गोल्डन कलर एवरग्रीन फैशन में रहता है। इस तरीके की सी थ्रू साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2,500 रुपये से लेकर 4,000 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर ब्रांड Lajjoo C द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह की साड़ी के साथ आप ग्रीन कलर की ज्वेलरी को स्टाइल करें।



### येलो कलर में टिश्यू साड़ी

सिंपल साड़ी पहनना पसंद करती हैं तो इस तरीके की प्लेन साड़ी आपके लिए बेस्ट रहेगी। इस प्लेन साड़ी को डिजाइनर मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन किया गया है। वहीं इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको लगभग 1,500 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह की साड़ी के साथ आप बालों के लिए स्लीक बन हेयर स्टाइल बना सकती हैं और मेकअप के लिए बोल्ड लिप कलर को चुन सकती हैं।

### ऑफ व्हाइट कलर टिश्यू साड़ी

ऑफ व्हाइट कलर देखने में काफी सटल लुक देने में मदद करता है। इस तरह की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में करीब 2,000 रुपये से लेकर 3,000 रुपये में आसानी से मिल जाएगी। इस खूबसूरत साड़ी को मनीष मल्होत्रा ने डिजाइन किया है। इस तरह की साड़ी के साथ आप मैरून कलर स्टोन वाली ज्वेलरी को स्टाइल कर सकती हैं।